वर्ष- 22 अंक - 62 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 13 अगस्त 2026



## 350 से ज्यादा नावों पर तिरंगा

**भोपाल ● एजेंसी**

स्वतंत्रता दिवस के उत्सव से पहले राजधानी भोपाल का बड़ा तालाब आज देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। आज बोट क्लब से विशाल नौका तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में इस यात्रा में 350 से ज्यादा नावों पर तिरंगा लहराया गया है।

## भारत-अमेरिका चांद पर बसाएंगे इंसानों की बस्ती

**गुरुवार.एजेंसी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसरो को अपने मून बेस प्रोग्राम में शामिल होने का न्योता दिया है। इसका मकसद चंद्रमा पर इंसानों को लंबे समय तक भेजने और वहां काम करने की तैयारी करना है।**

# लाल किले के पास अलकायदा ने कराया था आतंकी हमला

## संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

दिल्ली के लाल किले के पास नवंबर 2025 में हुए धमाके के लिए 'अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' को जिम्मेदार ठहराया गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की निगरानी करने वाली संस्था की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। नवंबर 2025 में लाल किले के पास हुए धमाके की जांच भारतीय अधिकारियों ने आतंकी घटना के तौर पर की। ऐतिहासिक स्मारक के पास एक गाड़ी में हुए इस धमाके में कई लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

## पाकिस्तानी पत्रकार का दावा इमरान खान नहीं रहे

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान की राजनीति में इस वक्त इमरान खान को लेकर एक बहुत बड़ा सस्पेंस और हाहाकार मचा हुआ है। अमेरिका में बैठे एक पाकिस्तानी पत्रकार ने दावा कर दिया कि अदियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अब नहीं रहे। इस सनसनीखेज दावे के सामने आते ही जेल प्रशासन और शहबाज शरीफ सरकार ने इसे पूरी तरह से खारिज करते हुए कोरी अफ़वाह करार दिया है।

## ...तो पप्पू कहना बंद कर देंगे

**नोएडा.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें हिंदी में विश्वविद्यालय लिखने की चुनौती दी। एके शर्मा ने कहा कि अगर राहुल गांधी ऐसा करते हैं तो वे उन्हें 'पप्पू' कहना बंद कर देंगे।

## खरगे की रैली के बाद मंच का शुद्धिकरण!

**हल्द्वानी.एजेंसी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस की विजय शंखनाद रैली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जिस मंच से जनता को संबोधित किया उसका हिन्दू संगठनों ने शुद्धिकरण किया तो कांग्रेस ने इसे दलितों का अपमान बताया।

## पाक नेता ने खुद को हाफिज सईद का गुलाम बताया

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने कुख्यात आतंकी हाफिज सईद की तारीफ करते हुए कहा कि मैं तो हाफिज साहब का गुलाम हूं। उन्होंने भारत को भी नेस्तनाबूत करने की धमकी दी।



## गए कांवड़िये छोड़ गए कचरा

**हरिद्वार.एजेंसी।** कांवड़ यात्रा के संपन्न होने के बाद हरिद्वार में अब आस्था से ज्यादा कचरा नजर आ रहा है। यहां पार्किंग और कैंप से लेकर गंगा के घाटों पर भी हर तरफ पुराने कपड़े, जूते-चप्पल, पॉलिथिन, फटे पुराने बैग, सड़ा हुआ खाना फैला हुआ है। 1000 कर्मचारी सफाई में जुटे हैं, जो अब तक 7000 मीट्रिक टन कचरा उठा चुके हैं।

## अब लेह में भूकंप

**लेह.एजेंसी।** लद्दाख के लेह में आज सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। सुबह 6:05 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 दर्ज की गई है।

## भारतीय लड़के ने की मां और भाई की हत्या

**गुरुवार.एजेंसी।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स में भारतीय मूल के 17 वर्षीय किशोर पर अपनी मां और छोटे भाई की हत्या करने का आरोप लगा है। उसकी मां सुधा वेंकटेशन और 14 वर्षीय भाई सिद्धार्थ अरविंद अपने घर में मृत मिले।

## न्यूज ब्रीफ...



### कंगना ने तीज पर लिया झूले का आनंद

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ सावन की तीज के उत्सव में भाग लिया। उन्होंने मेहंदी लगाई। डांस किया और रेखा गुप्ता के साथ झूला भी झूला।

### नेपाल दंगे में पाक मौलाना का हाथ

**गुरुवार.एजेंसी।** भारत से सटे नेपाल के सुनसरी जिले में 26 जुलाई की रात हुई सांप्रदायिक हिंसा के पीछे पाकिस्तान मूल के मौलाना मोहम्मद इलियास घुमान और काठमांडू की एक मस्जिद के इमाम मुफ्ती अबु बकर कासमी का हाथ बताया जा रहा है।

### कावेरी जल विवाद पर कर्नाटक बंद

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक में कावेरी जल विवाद एक बार फिर सड़क पर उतर आया है। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के तमिलनाडु को पानी छोड़ने के आदेश के विरोध में आज कई कन्नड़ संगठनों ने कर्नाटक बंद का आह्वान किया है।

### उप्र में महिलाओं को 50 हजार देंगे योगी

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 50 हजार तक की आर्थिक सहायता वाली नई योजना की तैयारी चल रही है। चुनाव से पहले 20 हजार की पहली किस्त और भाजपा सरकार बनने पर 10-10 हजार की तीन किस्तें दी जा सकती हैं।






# सरपंच ने उठाया सड़क जॉइंट बढ़ने से हादसा का खतरा

## दोपहिया वाहन चालक हो रहे दुर्घटनाग्रस्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार रोड स्थित ग्राम पंचायत बांक क्षेत्र की कुछ सड़क के एक्सपेंशन जॉइंट में उत्पन्न हुई असमानता एवं खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। बांक पंचायत के सरपंच सोहराब पटेल ने बताया कि सड़क के बीच स्थित एक्स्पेंशन जॉइंट कई स्थानों पर असमान एवं उभरा हुआ है। तेज गति से आने वाले दोपहिया वाहनों के पहिए इसके संपर्क में आने पर वाहन का



संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे चालक गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। दुर्घटना के दौरान सड़क के बीच स्थित डिवाइडर से टकराने के कारण गंभीर चोट लगने की आशंका भी बनी रहती है। ग्राम पंचायत बांक के सरपंच ने बताया कि उक्त मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क के एक्सपेंशन जॉइंट की वर्तमान स्थिति आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों और रात्रि के समय इस स्थान पर दुर्घटना का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। यह रोड राष्ट्रीय राजमार्ग भी है। इसलिए इसकी तत्काल जॉइंट की तकनीकी जांच होना चाहिए और मरम्मत के साथ समतलीकरण का कार्य भी कराया जाना चाहिए, जिससे दुर्घटनाएं रूक सके।



## कांग्रेस नेता ने की दिल्ली सम्मेलन में शिरकत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में रचनात्मक कांग्रेस के सयोजक संदीप दीक्षित ने राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। दो दिवसीय सम्मेलन आज भी जारी है। आज राहुल गांधी और मुल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हो रहे हैं। कल इंदौर से राहुल निहोरे और शफी शेख भी शामिल हुए। इन दोनों को पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने आमंत्रित किया था। कल मीनाक्षी नटराजन, गुरप्रीत सप्पल, सलमान खुर्शीद, प्रो. रतनलाल सहित अन्य भी मौजूद थे।

## कांग्रेस ने शुरू की स्वतंत्रता दिवस की तैयारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दो दिन बाद राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस है। शहर कांग्रेस ने आज से आजादी के पर्व का मोड शुरू कर दिया है। आज से गांधी भवन से वरिष्ठ नेताओं को ध्वजारोहण के लिए फोन भी लगाए जाएंगे। 15 अगस्त की सुबह गांधी भवन के नीचे ध्वजारोहण किया जाएगा। कांग्रेस की ओर से मैसेज बनाकर कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर भी डाला जाएगा और उसी के बाद कांग्रेस के कई नेता अपने नाम जोड़कर इस आमंत्रण-निमंत्रण को आगे बढ़ाएंगे।



## जनप्रतिनिधियों ने किया जनहित कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा पांच के वार्ड 49 में कल हरियाली अमावस्या अवसर पर रिंग रोड स्थित 600 मीटर के वॉकिंग ट्रैक के आसपास पौधों का रोपण किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, पुष्पेन्द्र पाटीदार, राजीव जैन, शैलेन्द्र महाजन, वासुदेव पाटीदार,नेहा शर्मा, दिलीप पाटनी, तीरथपाल यादव,पवन भार्गव,विकास यादव,राकेश जैन,जितेश जोशी,राकेश मेहता,योगेश गुप्ता,पदम् मित्तल, संदीप जैन,निखिलेश भावसार,मधुसूदन शर्मा,रमेश जैन, कीर्ति उदावत, सीमा शर्मा,सोनू कैथवास,लता कैथवास,अभिषेक सोनी,विश्वजीत चौहान,पंकज चौहान,कन्हैया जोशी,मुनेश सोनकर,हर्ष वर्मा,चंद्रशेखर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## समिति का एक शाम राष्ट्र के नाम और ध्वजारोहण आयोजन



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री सर्व सेवा कल्याण समिति द्वारा इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय की आयोजनों में मौजूदगी रहेगी। 14 अगस्त को 'एक शाम राष्ट्र के नाम' और 15 अगस्त को 151 स्थानों पर एक साथ ध्वजारोहण कर विश्व रिकॉर्ड बनेगा। बैठक में आकाश विजयवर्गीय ने उदबोधन भी दिया। संस्था के अजय कुशवाह ने बताया कि आयोजन 14 अगस्त की रात 8 बजे से 'एक शाम राष्ट्र के नाम' सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। आयोजन से युवाओं को जोडा गया है।

## पूर्व पार्षद की स्मृति में सेवा कार्य में सामग्री वितरण

### मंत्री, विधायक, एमआईसी सदस्य, सभापति, पार्षद और अन्य भी रहे मौजूद



**100 महिलाओं को दी सिलाई मशीन, विद्यार्थियों को सामग्री और निशक्तजनों को ट्रायसिकल दी**

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा दो से जुडे पूर्व पार्षद राजेश जोशी के पुण्य स्मरण पर जोशी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सुभाष नगर चौराहा स्थित झोनल कार्यालय परिसर में नगर निगम इंदौर द्वारा पुण्य स्मरण समारोह का आयोजन किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सभापति मुन्नालाल यादव, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, पार्षद भाजपा नेता कार्यकर्ता और अन्य की मौजूदगी में 100 महिलाओं को रोजगार के लिए सिलाई मशीन और सैकडों विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए सामग्री दी गई एवं निशक्तजन को ट्रायसिकल भेंट की गई।

# निगम में गणेशजी को गाजा-बाजा के साथ लाएंगे

### एमआईसी सदस्य पहाड़िया ने ली बैठक, झांकी भी सजाएंगे

## कर्मचारी नेता ने कहा कर्मचारियों से भी लेना चाहिए सहयोग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम में गणेश चतुर्थी पर गणेशजी की स्थापना की जाएगी। स्थापना और गणेशजी को लाने के लिए निगम गणेशोत्सव समिति की बैठक महापौर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उत्सव प्रभारी एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिया ने की। यह तय हुआ कि राजबाडा से निगम प्रांगण तक गणेशजी की प्रतिमा के साथ जुलूस निकाला जाएगा। गणेशजी की मूर्ति जहां विराजित होगी वहां



झांकी भी सजाई जाएगी। जुलूस में बैण्ड बाजा और आर्केस्ट्रा भी रहेगा। निगम में गणेशजी की मूर्ति जहां स्थापित होगी वहां भी झांकी सजाई जाएगी। रोजाना पूजन, आरती की जाएगी। गणेशजी के चल समारोह, स्थापना के अलावा इस बैठक में अनंत चतुर्दशी के दौरान निकलने वाले चल समारोह में निगम झांकी के साथ की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओ के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्रीगणेश उत्सव कार्यक्रमों के संबंध में भी अपने सुझाव दिए गए। पूर्व पार्षद महेश गौहर ने कहा कि सभी कर्मचारियों से आर्थिक सहयोग लेना चाहिए, हम पूर्व में गणेशोत्सव में पार्षदों से भी आर्थिक सहयोग लेते थे। इस दौरान संगीता जोशी, महेश गौहर, बाबूलाल सिरसिया, हरीश नागर, विक्की करोसिया, बबल वेद, मधुसूदन तिवारी एवं अधिकारी अभय राजनगांवकर, राजेन्द्र गैरोठिया, प्रदीप दुबे मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आम आदमी पार्टी ने भिचौली मर्दाना क्षेत्र के रहवासियों की परेशानी मुद्दे पर जनआंदोलन की चेतावनी दी। आप पदाधिकारियों का कहना रहा कि बिचौली मर्दाना में आज भी स्ट्रीट लाइट नहीं है जिससे अंधेरे के कारण परेशानी आ रही है, यहां पानी की समस्या बनी हुई है, सडकें भी गड्ढे वाली है, रहवासी निजी पानी के टैंकर से निजी खर्च कर जिंदगी चला रहे है। कांग्रेस शासन में भी परेशानी थी और अब भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद बिचौली मर्दाना में परेशानी नगर निगम क्षेत्र में आने के बाद भी बनी हुई है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि के रूप में भाजपा के सांसद, महापौर, विधायक, पार्षद ने कभी इस बिचौली मर्दाना क्षेत्र की चिंता नहीं पाली। यहां तक कि लोग अपने जनप्रतिनिधियों का चेहरा देखने तक को तरस चुके हैं। पुलिस थाना भी क्षेत्र से पांच किलोमीटर दूर है और पूर्व में रहवासियों ने पुलिस चौकी की भी मांग की थी लेकिन समस्या हल नहीं हुई। तालाब में जलकुम्भी भी शिकायत के बाद हटाई नहीं गई है, कई जगह ड्रेनेज का पानी सडक पर बह रहा है। कई समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी जल्द की जनता को साथ लेकर जनआंदोलन करेगी।

# प्रदेश कांग्रेस में अगले माह मिल सकते हैं 200 नए पदाधिकारी

## इकाई को भंग करने की बात कमेटी में कही गई, अधिकृत पत्र जारी नहीं हुआ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

दो दिन पहले मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस पोलिटिकल अफेयर कमेटी की बड़ी बैठक भोपाल में आयोजित हुई थी। कई मुद्दों के साथ एक लाइन का प्रस्ताव यह भी था कि वर्तमान प्रदेश पदाधिकारियों की इकाई को भंग किया जाए और नई इकाई बनाई जाए। यह आदेश प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने मौखिक रूप से दिया था और अभी तक कोई पत्र भी प्रदेश इकाई भंग करने का नहीं निकला है।

अभी प्रदेश कांग्रेस में 328 पदाधिकारी है और ऐसा माना जा रहा है कि इनकी छटनी कर 200 पदाधिकारियों की नई टीम बनाई जाएगी। मीटिंग में मौजूद नेताओं से कहा गया था कि एक माह में पदाधिकारियों का गठन करना है इसके लिए चुनिंदा वे भी दे दें। जिस तरह के संकेत बैठक में दिए गए थे कि पदाधिकारी नए बनाए जाए और पुरानों को भी तवज्जो दी जाए उससे लगता है कि नए लोगों को ज्यादा तवज्जो मिलेगी। कुल मिलाकर कांग्रेस निकाय के बाद विधानसभा चुनाव के मोड पर है, इसी कारण संगठनात्मक सर्जरी की जा रही है। नई कार्यकारिणी में कई चेहरे बदलने की कवायद भी की गई है। दिग्विजय सिंह भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए थे। बड़े नेताओं में हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, विवेक तन्खा, अजय सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, कमलेश्वर पटेल, कांतिलाल भूरिया, सज्जन सिंह वर्मा, बाला बच्चन, विजयलक्ष्मी साधो, तरुण भनोट, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, शोभा ओझा, फूल सिंह बरैया, विक्रांत भूरिया, आरिफ मसूद, घनश्याम सिंह, प्रवीण पाठक सहित अन्य शामिल हुए थे। इस बार प्रदेश कार्यकारिणी में जमीनी कांग्रेस नेता-कार्यकर्ताओं को लिया जाएगा। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के समर्थकों के नाम भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया पहले से ही शुरू की हुई है। पूर्व में कांग्रेस ने सभी विभाग, प्रकोष्ठ और सभी इकाइयों को भंग कर दिया था और स्पष्ट संकेत दिए जा रहे हैं कि सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही अवसर दिया जाएगा। सभी जगह नए सिरे से नियुक्तियां होंगी। प्रदेश कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिल सकता है। आगामी चुनाव को देखते हुए ही संगठन का रोड मैप तैयार किया जा रहा है। प्रदेश से लेकर बूथ तक का संगठन मजबूत करने की कवायद में बदलाव की बयार चल रही है, जिससे कार्यकर्ता और पदाधिकारी बूथ स्तर पर जनता के बीच पहुंच सके। संकेत तो यह भी मिले है कि जिन्हें महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष और विधानसभा चुनाव लड़ना है ऐसे करीब एक दर्जन प्रदेश भर में से शहर और जिला अध्यक्षों को बदलने की कवायद भी है। निष्क्रिय पदाधिकारियों की जगह सक्रिय पदाधिकारियों को प्रदेश से लेकर प्रकोष्ठ विभाग इकाइयों में जगह मिलेगी। युवा चेहरों को भी अच्छी तवज्जो दी जाएगी। अभी इंदौर से प्रदेश कांग्रेस में विनय बाकलीवाल, रघु परमार,अभय वर्मा,अमन बजाज, दीपक पिंटू जोशी, सोहराब पटेल, जौहर मानपुरवाला, राजा चौकसे, अनुरोध ललित जैन, विक्रम चौधरी, विनीतिका दीपू यादव शामिल थे वही व्यापारिक एवं औद्योगिक प्रकोष्ठ में अरविंद बागड़ी कौमी एकता एवं सद्भावना प्रकोष्ठ में सच सलूजा प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं।

इंदौर के कई नेताओं ने कल से ही अपने आकाओं को उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव का प्रदेश पद के लिए फोन लगाना शुरू कर दिया है। फिर पद की जुगाड़ में लग गए हैं। शहर इकाई में भी नए लोगों को तवज्जो दी गई थी। कई पुराने नेता का पत्ता कटा था, वे भी अब प्रदेश इकाई तो कुछ प्रकोष्ठ, तो कुछ विभाग में बनने की जुगाड़ में लग गए हैं। इंदौर शहर और जिला महिला कांग्रेस में भी सक्रिय महिला नेत्री को पद मिलने की संभावना है, क्योंकि दो दिन पहले ही रीना बौरासी को स्पष्ट संकेत दिए थे कि युवा महिलाओं को अध्यक्ष बनाया जाए। इसी तर्ज पर अब प्रदेश कांग्रेस में भी ज्यादा वरिष्ठ लोगों को तवज्जो नहीं मिलेगी ऐसा लगता है उन्हें मार्गदर्शक मंडल में रखा जाएगा या विशेष आमंत्रित में रखा जाएगा। अब प्रश्न यही है कि कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने के लिए वरिष्ठों को दरकिनार कर नए और सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका देंगी। देखना होगा कि इंदौर के पुराने पदाधिकारी कितने अपनी जगह बचा पाते हैं। इंदौर के नेता सारे बड़े नेताओं से अलग-अलग जुड़े हैं। अब देखना होगा कि एक माह बाद जो नई सूची जारी होगी उसमें इंदौर शहर और जिला से कितने नेता अपना राजनीतिक चेहरा प्रदेश कांग्रेस में दिखा पाते हैं यह अब सूची ही बताएगी।

# कांग्रेस पार्षद दल आज शाम निगम आयुक्त से मिलेगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**शहर के पांच प्रमुख मुद्दों पर करेंगे ध्यान आकर्षित**

नगर निगम का कांग्रेस पार्षद दल आज गुरुवार को 5 प्रमुख मुद्दों को लेकर इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल से मुलाकात करेगा। उनके समक्ष इन सभी मामले को रखते हुए कार्रवाई की मांग की जाएगी।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे और निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने बताया कि आज शाम को 7 बजे नगर निगम मुख्यालय में कांग्रेस पार्षद दल नगर निगम से संबंधित विभिन्न मुद्दों को लेकर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल से मिलेगा। इस मुलाकात में सबसे प्रमुख मुद्दा नगर निगम के नामांतरण घोटाले का रहेगा। इस घोटाले की जांच के लिए आयुक्त के द्वारा कमेटी बना दिए जाने और कमेटी को 15 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिए जाने के बावजूद अभी तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा इस घोटाले को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी। मस्टर कर्मचारियों को विनियमित कर सातवें वेतनमान का लाभ देने एवं वेतन और सुविधा भी नियम अनुसार देने की मांग की जाएगी। कांग्रेस गड्ढेदार सड़क का मुद्दा भी उठाएगी। बरसात के पूर्व पेचवर्क नहीं कराया गया और जो कराया वह उखड़ गया, जिससे वाहन चालकों को परेशानी आ रही है। निगम ने 1 लाख से कम की टैक्स राशि के चेक पर रोक लगा दी, यह फैसला भी गलत है इस पर चर्चा होगी। मास्टर प्लान के प्रावधान की सड़क की चौड़ाई अवैध तरीके से कैसे घटाई गई यह सवाल भी निगम आयुक्त से पूछा जाएगा क्योंकि इसके लिए राज्य सरकार से आदेश लिया जाता है या गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। इन मुद्दों पर कांग्रेस पार्षद दल और शहर कांग्रेस आज निगम आयुक्त से चर्चा करेगी।



## विधायक और महापौर ने किया योगशाला का लोकार्पण

**इंदौर।** राऊ विधानसभा के वार्ड क्र. 80 के वैशाली नगर स्थित मानस मंदिर में नवनिर्मित योग मित्र शेड का महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मधु वर्मा ने लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्रीय रहवासियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने योग भी किया। पार्षद प्रशांत बड़वे भी मौजूद थे।

# ताई ने महापौर से घर जाकर की मुलाकात



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन फिलहाल सक्रिय राजनीति से भले ही दूर हो लेकिन वे समय-समय पर शहर के नेतओं से मुलाकात जरुर करती है। करीब 30 वर्षो तक वे शहर की सांसद रही है। ऐसे में उनके अनुभव के आधार पर नेताओं को भी मार्गदर्शन मिलता है। कल महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निवास ताई पहुंची और शहर के विकास पर महापौर से चर्चा की। उन्होने महापौर को समर्पण के साथ काम करने और अपनी लड़ाई को ईमानदारी से चलकर लड़ने की सलाह दी। इस दौरान जूही भार्गव और संघमित्र भार्गव भी मौजूद थे।



## सेन समाजज़नों ने लगाए पौधे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कल हरियाली अमावस्या पर केंद्रीय समिति, सेन समाज इंदौर के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ समाजजनों द्वारा श्री रामाश्रय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कल 14 अगस्त को नन्दकिशोर वर्मा की पुण्यतिथि पर पौधारोपण का आयोजन सेन समाजजन करेंगे। उक्त जानकारी नीलेश सेन शैलू ने दी।

# विजयवर्गीय ने युवाओं के साथ 7 बार किया हनुमान चालीसा पाठ



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पितृ पर्वत पर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन सावन माह में किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने युवा साथियों के साथ कल 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। विजयवर्गीय ने युवा और मौजूद श्रद्धालुओं से तिरंगा रैली में भाग लेने की अपील की। विद्याधाम मंदिर के महामंडलेश्वर रहे ब्रह्मलीन गिरिजानन्द सरस्वती को याद कर उनकी स्मृति में पितृ पर्वत पर पौधा भी लगाया गया। सुमित मधुराज ने भजनों की प्रस्तुति भी दी।

# सिलावटपुरा में खतरनाक मकान निगम ने तोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा आज सुबह सिलावटपुरा में खतरनाक मकान को तोड़ दिया गया। यह मकान 50 साल से अधिक पुराना होना बताया गया है। निगम अधिकारियों ने कहा कि नगर निगम के पास जनसुनवाई में तथा सीएम हेल्पलाइन



के माध्यम से यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि सिलावटपुरा में रुबीना खान का मकान खतरनाक स्थिति में है। इस मकान को यदि नहीं तोड़ा जाता है तो किसी भी दिन बारिश में इस मकान के कारण कोई बड़ी घटना हो सकती है। इस शिकायत के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान मालिक के नाम पर नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस में मकान मालिक को मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने के लिए कहा गया। मकान मालिक द्वारा दो बार नोटिस दिए जाने के बावजूद इस तरफ ध्यान नहीं




दिया गया। ऐसी स्थिति में नगर निगम की टीम के द्वारा खुद ही कार्रवाई करने का फैसला लिया गया। इसके तहत आज नगर निगम द्वारा जाकर मौके पर मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ दिया गया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि खतरनाक हिस्से के नाम पर पूरा मकान ही एक समान स्थिति में था। ऐसे में निगम की टीम के द्वारा मौके पर जाने के उपरांत मकान में रखा हुआ सामान बाहर निकलवाया गया। इसके पश्चात मकान को तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### अभी कार्रवाई जारी रहेगी

निगम आयुक्त ने कहा है कि अभी शहर में खतरनाक मकान के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे में जिस भी मकान में नगर निगमद्वारा नोटिस दिया जाता है तो उस मकान मालिक को चाहिए कि वह स्वयं ही मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ लेवे।

## भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा व्याख्यान का आयोजन आज शाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अहिल्या माता की पुण्यतिथि अवसर पर भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा आज शाम 5.30 बजे से अहिल्या स्मृति सदन गांधी भवन के पास राजवाड़ा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, उदयराजे होल्कर, महंत कृष्णदास संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में अशोक डागा, सुधीर देड़गे, ज्योति तोमर, उदयराजे होल्कर सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## छावनी प्राचीन शिव मंदिर में हुआ श्रृंगार



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पारसी मोहल्ला छावनी में श्री रामेश्वरम घाट प्राचीनतम शिव मंदिर पर हरियाली अमावस्या पर विशेष श्रृंगार कर आरती भी की गई। बालिकाओं ने रंगोली में बिल्व पत्र का वृक्ष बनाया, श्रद्धालुओं ने सुबह से लेकर रात तक दर्शन किए। उक्त जानकारी विक्की रायकवार ने दी।

## सांसद, विधायक के पोस्टर पर कांग्रेस की आपत्ति




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द जैन कासलीवाल ने कहा कि एक तरफ महापौर पुष्यमित्र भार्गव कहते हैं कि हम पूरे इंदौर को बैनर-पोस्टर मुक्त बनाएंगे और इधर सांसद, विधायक, पार्षदों के चित्र के साथ रैली, पदयात्रा और अन्य कार्यक्रमों के बैनर-पोस्टर, होर्डिंग लगे हुए हैं। जैन ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अन्तर है, महापौर को चाहिए कि वे सांसद, विधायक वाले चित्र के पोस्टर भी हटाए और शहर को बदरंगा होने से बचाए।




## जीपीओ पोस्ट ऑफिस से निकली तिरंगा यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। तिरंगा यात्रा अभियान के अन्तर्गत आज जीपीओ पोस्ट ऑफिस से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो शिवाजी वाटिका होते हुए पुनः जीपीओ पहुंची, देश भक्ति के संदेश भी दिए गए। अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि बड़ी संख्या में डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इस रैली में मौजूद रहे।**

## खजराना गणेश मंदिर की दानपेटी की गिनती अंतिम दौर में

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियां लगातार खोली जा रही है। अभी भी कुछ दान पेटियों में श्रद्धालुओं की धनराशि की गिनती अभी बाकी है। इस बार ऐसा माना जा रहा है कि सभी दान पेटियां खुलने के बाद राशि 2 करोड़ के ऊपर जा सकती है। पिछले साल 1 करोड़ 35 लाख रु. का चढ़ावा प्राप्त हुआ था। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में राम मंदिर में हुई चंदा चोरी मामले के बाद खजराना गणेश मंदिर में दान पात्र की गिनती के दौरान सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दो से बढ़ाकर सुरक्षा गार्डों की संख्या भी पांच कर दी गई है और सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा गिनती में बैठे कर्मचारियों की चैकिंग भी सख्त कर दी गई है।



## बियानी फाउंडेशन ने किए पौधे भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हरियाली अमावस्या पर बियानी फाउंडेशन ने ग्रीन ज्वेल्स विकलांग कल्याण संघ सुखलिया परिसर में मानसिक रूप से कम विकसित बच्चों को आम,जामुन ,चीकू जैसे फलदार वृक्षों के साथ ब्लैक फ़ैकास के पौधे भेट किए गए, जिन्हें बाद में परिसर के गार्डन में प्रत्यारोपित किया गया। ललित बियानी, दीपक शर्मा, राम शर्मा, किरण तोमर, डॉ. जवाहर बियानी सहित अन्य मौजूद थे।

# अधिकारी और सर्विस प्रोवाइडर के मतभेद के चलते रजिस्ट्रार कार्यालय में काम बंद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

अधिवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि जिले के सांवेर स्थित उपपंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री व्यवस्था को लेकर सब रजिस्ट्रार और सर्विस प्रोवाइडर्स में मतभेद के चलते रजिस्ट्री का काम बंद हो गया है। सर्विस प्रोवाइडरों ने आरोप लगाया है कि रजिस्ट्रियों को गलत तरीके से रोका जा रहा है और इसके पीछे अवैध वसूली की मंशा है। विरोध स्वरूप सर्विस प्रोवाइडरों ने सोमवार, 10 अगस्त से अनिश्चितकालीन काम बंद कर दिया है। हालांकि, उप-पंजीयक रामभरोसे चौरे ने सभी आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि वे केवल नियमानुसार एवं वैध दस्तावेजों के आधार पर ही रजिस्ट्री करते हैं।

सर्विस प्रोवाइडरों द्वारा वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजुलता पटेल (डीआर) को दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार वर्तमान उप-पंजीयक रामभरोसे चौरे ने जुलाई माह से सांवेर कार्यालय में कार्यभार संभाला है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बिना किसी स्पष्ट कारण के रजिस्ट्री कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे दस्तावेजों का पंजीयन प्रभावित हो रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण सर्विस प्रोवाइडरों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकिं कई सर्विस प्रोवाइडर को इस काम का लंबा अनुभव है। सर्विस प्रोवाइडर्स का यह भी कहना है कि जो काम पिछले कई सालों से हो रहा है और जिस नियम से आज भी इंदौर में ही पंजीयन हो रहा है उनमें भी नए रजिस्ट्रार जानबूझकर रोड़े अटका रहे है। शिकायत के बाद भी जब सुनवाई नही हुई तो इसी के विरोध में 10 अगस्त से काम बंद किया गया है।

### सब-रजिस्ट्रार रामभरोसे चौरे का पक्ष

उप-पंजीयक रामभरोसे चौरे ने कहा कि वे सभी कार्य नियमानुसार और वैध दस्तावेजों के आधार पर करते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा काम केवल कानून के अनुसार दस्तावेजों की जांच कर रजिस्ट्री करना है। यहां के कुछ सर्विस प्रोवाइडर चाहते हैं कि सभी मिलकर दबाव बनाएं और उनके मनमाने अनुसार काम करूँ लेकिन मैं गलत काम नहीं करूंगा।' उन्होंने बताया कि कई मामलों में आधार कार्ड में नाम अलग होता है, जबकि राजस्व रिकॉर्ड में नाम अलग दर्ज रहता है। इसी तरह कुछ मामलों में पूरे रकबे में कई भू-स्वामियों के नाम दर्ज होते हैं, लेकिन रजिस्ट्री कराने केवल कुछ लोग ही पहुंचते हैं। ऐसे मामलों में आवश्यक वैध दस्तावेजों की पूर्ति नहीं की जाती, जिससे भविष्य में क्रेता और विक्रेता दोनों को कानूनी परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण और सही होने पर ही रजिस्ट्री की जाएगी। सीनियर डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार मंजुलता पटेल ने बताया इस मामले में शिकायत मिली थी लेकिन सर्विस प्रोवाइडर ने काम बंद कर दिया है इसकी जानकारी अभी नही है। शिकायत के बाद सब रजिस्ट्रार का पक्ष भी सुनकर आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

# स्कीम नं. 140 के रहवासियों ने दिया पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन

## कमर्शियल दुकानों एवं फूड जोन में देर रात तक की गतिविधियों से परेशानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 के रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने महेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मुलाकात कर सोसाइटी परिसर में स्थित कमर्शियल दुकानों एवं फूड जोन में देर रात तक होने वाली गतिविधियों से रहवासियों को हो रही परेशानी को लेकर आवेदन दिया। रहवासियों ने बताया कि कुछ दुकानें रात करीब 3 बजे तक संचालित रहती हैं। रात 12 बजे के बाद बच्चे व अन्य लोग जन्मदिन मनाने के लिए एकत्रित होते हैं, पटाखे छोड़ते हैं और नशा भी करते हैं। इससे रहवासियों की निजी जिंदगी प्रभावित होने के साथ ही देर रात तक शोर-शराबे के कारण उनकी नींद भी पूरी नहीं हो पाती। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर ने तत्काल एसीपी आशीष पटेल को कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश के बाद एसीपी पटेल रात करीब 8 बजे तिलकनगर थाना प्रभारी मनीष लोधा के साथ आनंदवन-2 पहुंचे। उन्होंने रहवासियों एवं दुकानदार संचालकों को आमने-सामने बैठाकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान निकाला। इस दौरान सोसाइटी अध्यक्ष गजेंद्र कदम एवं सचिव आदित्य दिसवाल भी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदार संचालकों को रात 11:30 बजे तक अपना कारोबार बंद करने के निर्देश दिए। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से रहवासियों ने राहत व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार माना।

# बगीचे में अंतिम संस्कार से निशाने पर आ गया निगम का प्रशासन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर के सार्वजनिक बगीचे में जैन समाज के द्वारा एक संत का अंतिम संस्कार कर दिए जाने के घटनाक्रम से निगम का प्रशासन निशाने पर आ गया है। इस मामले में नगर निगम आयुक्त के द्वारा जांच के आदेश दे दिए गए हैं। कांग्रेस के पार्षद इस मामले में कार्रवाई चाहते हैं।**

इंदौर नगर निगम के प्रविड़ नगर जोनल कार्यालय के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 72 में नेमी नगर आता है। यहां पर संत विद्यासागर जी महाराज के नाम पर नगर निगम के द्वारा गार्डन का विकास किया गया है। इस गार्डन में क्षेत्र के लोगों के द्वारा अपने स्वास्थ्य के लाभ के लिए जाकर एक्सरसाइज की जाती है। बड़ी संख्या में लोग इस गार्डन में जाकर वॉकिंग करते हैं। इस गार्डन में कल जैन समाज

## आयुक्त ने दिए जांच के आदेश, कांग्रेस के पार्षद चाहते हैं कार्रवाई

के संत का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले की जानकारी कल सुबह ही सामने आ गई। जैसे ही यह मामला सामने आया वैसे ही जिसने सुना वह हतप्रभ रह गया। अंतिम संस्कार करने वाले जैन समाज जनों के द्वारा यह जानकारी दी गई कि उन्होंने अंतिम संस्कार करने के लिए पुलिस थाना अन्नपूर्णा पर अप्रोच करते हुए अनुमति मांगी थी। पुलिस के द्वारा अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। ऐसी स्थिति में समाज जनों के द्वारा क्षेत्र के पार्षद योगेश गेंदर से संपर्क किया गया। लेकिन उनके द्वारा भी अनुमति देने से इनकार कर दिया गया। निगम को समय पर जानकारी नहीं मिली, जिससे निगम सजग नहीं हुआ उसी के बाद अब यह मामला जोर पकड़ता हुआ नजर आ रहा है। इस मामले में नगर निगम प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इसी बीच कांग्रेस के पार्षद इस मामले को लेकर आक्रोशित है। नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने इस मामले को लेकर नगर निगम प्रशासन से जवाब दे ही तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि इतनी बड़ी घटना हो जाना अपने आप में चौंकाने वाली बात है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है यह निश्चित किया जाना चाहिए और जिम्मेदार पर कार्रवाई होना चाहिए। आज कांग्रेस पार्षद दल और कांग्रेस के प्रमुख नेता नगर निगम आयुक्त से मिलने वाले हैं। इस मुलाकात में भी यह मामला प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।



## टूटे चैम्बर के लोहे के सरिये निकल रहे है बाहर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा चार के गंगवाल बस स्टेण्ड से महूनाका जाने वाले मार्ग पर यातायात का दबाव अत्यधिक रहता है। महूनाका की तरफ जाने वाले मार्ग पर नवीन मालव कन्या स्कूल के पास ड्रेनेज चैम्बर टूटा हुआ है। चैम्बर टूटने के कारण इसके सरिये बाहर की ओर निकले हुए है। इस टूटे चैम्बर और निकले हुए सरिये से वाहन दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। बारिश में पानी भराने पर दुर्घटना की उम्मीद ज्यादा रहती है और वाहन भी इस टूटे चैम्बर में गिर सकते है और रात्रि में टूटे चैम्बर और निकल रहे सरिये के कारण दुर्घटना भी सम्भावित है।

## डिस्पेंसरी में डाक्टर नहीं

**इंदौर।** हरसिद्धि क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस क्षेत्र की एक मात्र डिस्पेंसरी में पिछले दो माह से डाक्टर ही नही है, नर्स के द्वारा ही दवाई दी जा रही है। कर्मचारी कब आते है, कब जाते है पता ही नही चलता है। उक्त जानकारी कांग्रेस नेता घनश्याम जोशी ने दी।

# महापौर परिषद के सदस्यों की आपत्ति के बाद बैठक रोकी

## अब बैठक 17 अगस्त को आयोजित करने का प्रस्ताव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने महापौर परिषद के सदस्यों की आपत्ति के बाद आज आयोजित महापौर परिषद की बैठक को रोक दिया है। अब यह बैठक 17 अगस्त को आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया है।**

महापौर परिषद की बैठक आज सुबह 11:00 बजे से इंदौर नगर निगम के मुख्यालय में स्थित महापौर के कार्यालय वाले सभागार में आयोजित की जानी थी। इस बैठक आयोजन के लिए मंगलवार को 35 प्रस्ताव का एजेंडा जारी किया गया था। यह एजेंडा मंगलवार की रात को महापौर परिषद के सदस्यों के पास पहुंचाया गया था। एजेंडा पहुंचने के बाद सदस्यों की ओर से महापौर को फोन लगाकर आपत्ति ली गई। महापौर परिषद के सदस्य राजेश उदावत के साथ तीन अन्य सदस्यों के द्वारा यह आपत्ति ली गई।

इन आपत्ति लेने वाले सदस्यों का कहना था कि महापौर परिषद की बैठक के लिए इतना लंबा एजेंडा है। इस एजेंडा का अध्ययन करने के लिए समय की आवश्यकता है। मात्र 36 घंटे पहले हमें एजेंडा दिया गया है। ऐसे में इतने कम समय में एजेंडा के विषयों का अध्ययन कर पाना संभव नहीं है। इसमें बहुत सारे गंभीर विषय भी शामिल किए गए हैं। शहर में बहुत सारे स्थान पर विज्ञापन बोर्ड लगाने की अनुमति देने के चार अलग-अलग प्रस्ताव भी रखे गए हैं।

इन सभी विषयों पर तत्काल अध्ययन कर महापौर परिषद की बैठक में उस पर चर्चा कर पाना संभव नहीं है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सदस्यों की ओर से यह आपत्ति आने के बाद इस बैठक को 17 अगस्त के लिए टाल दिया है। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह एजेंडा में शामिल किए गए विषयों की विस्तृत जानकारी महापौर परिषद के सदस्यों को उपलब्ध करवाएं। अब 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व और फिर उसके बाद 16 अगस्त को इंदौर नगर निगम का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में होने वाला कार्यक्रम है। इसे देखते हुए इस बैठक को 17 अगस्त को आयोजित करना प्रस्तावित किया गया है।



# बीमा हॉस्पिटल कर्मचारियों के आंदोलन से जुड़ी हिन्दू महासभा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बीमा हास्पिटल के कर्मचारियों ने मुद्दे पर विरोध किया था और कुछ कर्मचारी भूख हड़ताल पर भी बैठे थे। इस मामले में कर्मचारियों को अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियो ने समर्थन दिया था और डीन से भी बात की थी। अवैध उगाही के विरोध में कर्मचारियों का विरोध था और हिन्दू महासभा ने भी डीन को कुछ अधिकारी और कर्मचारियों के नाम की शिकायतें भी की। कुछ कर्मचारियों पर कार्रवाई भी गलत तरीके से की गई थी। इसी पर विरोध जताते हुए भूख हड़ताल की गई थी। इस मामले में हिन्दू महासभा के अंकित रिंगे, विक्की सिरोले, प्रेमसिंह ने डीन से चर्चा भी की थी। कर्मचारियों को निकालने का विरोध जताया तो जिम्मेदारों ने अलग-अलग बात बताई।

**भूख हड़ताल पर बैठे थे कर्मचारी**

# जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस के लिए किया आदेश जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शासकीय और अशासकीय प्राचार्य को स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए आदेश जारी किए है। स्कूलों में यह स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण, अनुशासित और उत्साहपूर्वक आयोजित किया जाए। स्कूल के सभी अधिकारी, कर्मचारी, अध्यापक, विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी स्कूल सुबह 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण और राष्ट्रगान कार्यक्रम आयोजित करे उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएं। मौसम को देखते हुए प्रातकाल में प्रभातफेरी का आयोजन भी किया जाए। जनप्रतिनिधियों को भी स्कूल आमंत्रित करें। विद्यार्थियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, भाषण, एवं अन्य देशभक्ति आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जाए। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र और मेडल भी दिए जाएं। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत ही प्रस्तुत हो। शासकीय विद्यालय भवन में 14 एवं 15 अगस्त को रात्रि में रोशनी की जाए।

**In The Court Of II Civil Judge Junior Divison, Mahidpur District Court, Ujjaion**
**Presiding Officer: सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव**
**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**
**(EX A/0000001/2021)**
**रमेशचन्द......................................वादी**
**विरूध्द**
**अंबाराम बंजारा आदि.....................प्रतिवादीगण**
**Process ID-/2026**
**पेशी दिनांकः-16/09/2026**

**प्रेषिती-**

1. प्रेमलता उर्फ भुरीबाई पति बनेसिंह बंजारा पताः ग्राम खुरचन्या प्रताप पोस्ट जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन हालमुकाम इंदौर
2. शिवनारायण पिता बनेसिंह बंजारा पताः ग्राम खुरचन्या प्रताप पोस्ट जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन हालमुकाम इंदौर
3. सोनु पिता बनेसिंह बंजारा पताः ग्राम खुरचन्या प्रताप पोस्ट जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन हालमुकाम इंदौर
4. हेमलता पिता बनेसिंह बंजारा पताः ग्राम खुरचन्या प्रताप पोस्ट जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन हालमुकाम इंदौर
5. ज्योति पिता बनेसिंह बंजारा पताः ग्राम खुरचन्या प्रताप पोस्ट जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन हालमुकाम इंदौर

यह कि डिकीदार रामेश्वर ने आपके विरूध्द इएक्स ए के लिये वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के. 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं यां किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई या मुजरा के दावें या प्रतिदावें के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूचि में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षिय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 04 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लंगा कर दिया

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**( सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव )**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,**
**महिदपुर जिला-उज्जैन ( म.प्र. )**





## कसेरा बाजार स्कूल में हिन्द रक्षक का कॉपी वितरण आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में इस वर्ष भी हिन्द रक्षक संगठन ने पूर्व मंत्री लक्ष्मणसिंह गौड़ की जन्म जयंती से शुरू किए छात्रों को कॉपी वितरण का कार्य जारी रखा। कल भी विद्यार्थियों को कॉपी वितरण की गई। कसेरा बाजार के अलावा दो अन्य स्कूल के विद्यार्थी भी यहां शामिल हुए। एकलव्यसिंह गौड़, पार्षद जीतू राठौर, स्कूल से जुड़े राजेश मूंगड़, सतीश गोयल, बसंत खटोड़, जुगल राठी, प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रद्धा सुमन समिति करेगी सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा मोहनलाल सोनी के द्वितीय पुण्य स्मरण प्रसंग पर शहर के 7 समर्पित सेवाभावी बंधुओं का सम्मान प्रमुख संतों के सानिध्य में रविवार 16 अगस्त को बिजासन रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर शाम 6 बजे से आयोजित होगा। हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी ने बताया कि कई जनप्रतिनिधि और राजनेताओं के अलावा समाजसेवियों को भी आमंत्रित किया गया है। ओमप्रकाश नरेडा, आरक्षक संजयसिंह राठौर, मुरलीधर धामानी, डॉ. चेतन सेठिया, अशोक गोयल, विनय जैन का सम्मान किया जाएगा। कई संत भी मौजूद रहेंगे।



## जय शिवशंकर कावड़ यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

जय शिवशंकर कावड़ यात्रा से जुड़े मुकेश जरिया ने बताया कि अन्नापुरनेश्वर महादेव समिति, राष्ट्रीय लोधी महासभा, संस्था समर्थ और जय शिव शंकर कावड़ यात्रा संघ कोदरिया महू का संयुक्त कावड़ यात्रा आयोजन किया गया। यह यात्रा कोदरिया से ओंकारेश्वर के लिए आयोजित की गई।

## खाटूश्याम बाबा को लगाए छप्पन भोग

### महाआरती एवं प्रसादी का वितरण भी किया गया

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पंचमुखी हनुमान मंदिर हवा बंगला में खाटूश्याम बाबा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की गई। प्रसादी का वितरण भी किया गया। मोहन हटकर, सोनम हटकर, संतोष तायड़े, काजोल सिंह, रेखा, घीसू सिंह, संजीवनी सिंह, अनिल यादव, मोहन माली, अक्षिता सिंह, अनिल गोयल, विजय कोठारी, सोनू पाटिल, पूजा, बाबू रायकवार, रूपाली पाटीदार, रोशनी पवार, भाग्यश्री सूर्यवंशी मौजूद थे।





## 300 अग्रवाल समाजजनों ने जानापाव में निकाली शिव बारात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अग्रवाल संगठन पीपल्याहाना के 300 सदस्यों ने जानापाव कुटी एवं मानपुर रिसोर्ट में पारिवारिक रूप से मनोरंजन कार्यक्रम में शिरकत की और उसके बाद जानापाव पहुंचकर शिव बारात धार्मिक आयोजन कर निकाली। रिसोर्ट में पूल पार्टी भी की। कृष्णा गुप्ता, आलोक बंसल, पीयुष गर्ग, अमित अग्रवाल, मेघा आनंद अग्रवाल, रवि बंसल, अर्पित बंसल, अमित ब्रजमोहन अग्रवाल, अनिमेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## छितरमिया सरकार का तीन दिवसीय उर्स

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कडावघाट बम्बई बाजार स्थित छितरमिया के 42वे उर्स के मुबारक मौके पर तीन दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। झंडा पेश करने के बाद हल्का-ए-जिक्र तथा लंगर भी हुआ। मौलाना सिकन्दर ने तकरीर भी की थीं। कल चादर जुलूस कड़ावघाट बम्बई बाजार क्षेत्र में निकाला गया। कुरआन ख्वानी के साथ फातेहा हुई, चादर पेश की गई। मौलाना समद, मौलाना अब्दुल जब्बार, मौलाना अनवर रेहमानी ने अच्छी बारिश की दुआएं भी की। रशीद बाबा, सलीम लाइक, फारुक राइन, शफी राइन, जफर बेग, मुबारिक, रफिक चौधरी, नईम कुरेशी, रिजवान, नदीम मुबल्लिक सहित अन्य मौजूद थे।





## पिपलेश्वर महादेव के आयोजन को लेकर पोस्टर का विमोचन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पिपलेश्वर महादेव कालानी नगर महाराणा प्रताप नगर से 17 अगस्त को शाही पालकी यात्रा शाम 5 बजे से निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया।

## नागपंचमी पर सुबह अभिषेक शाम को मेला

### *कुम्हारखाड़ी में होगा बड़ा आयोजन*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सार्वजनिक प्राचीन नाग मंदिर कुम्हारखाड़ी मेन रोड से जुड़े महेश कश्यप, रमेश पानवाला ने बताया कि प्राचीन परम्परागत नाग मंदिर में अल सुबह से श्रद्धालु नाग देवता का अभिषेक, पूजन करने पहुंचेंगे। महाआरती भी की जाएगी। पूजन करने वालों और दर्शनार्थियों के लिए भी विशेष व्यवस्था मंदिर में रहेगी। सुबह से पूजा के दौर चलेंगे और शाम 5 बजे से नाग पंचमी का मेला भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें झूले, जादू के खेल, मिक्की माउस और खरीददार के लिए स्टॉल भी रहेंगे, युवा मंडल डंडे खेल का आयोजन भी करेगा। भांगड़ा नृत्य, सावन पर आधारित भजन सहित अन्य आयोजन भी होंगे। राजनेताओं सहित अन्य समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया, जिनका सम्मान भी किया जाएगा। उस्ताद, खलीफा, बुजुर्गों का सम्मान भी होगा। शुभारंभ शाम 5 बजे होगा, जिसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य राजनेता भी मौजूद रहेंगे।



## यात्रा में मौजूद रहे शिव भक्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लाभम पार्क फेज-2 राऊ रंगवासा से कावड़ यात्रा का आयोजन किया। शिव भक्तों ने इस लम्बी कावड़ यात्रा में शिरकत की। भोले बाबा के जयकारे भी लगे। सूर्य मंदिर कैट रोड पर यह यात्रा पहुंची, जहां जलाभिषेक किया गया।



## आज तिरंगा यात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा समिति के देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि वन्दे मातरम के 150 वर्ष के अवसर पर आज राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। खंडवा रोड देवी अहिल्या विश्वविद्यालय तक्षशीला से यह यात्रा टंट्या मामा प्रतिमा भंवरकुआं से पुनः विश्वविद्यालय पहुंचेगी। वन्दे मातरम गीत का आयोजन भी होगा।





## गिरिजानंद सरस्वती को अर्पण की पुष्पांजलि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड के संस्थापक रहे स्वामी गिरिजानन्द सरस्वती के पुण्यस्मरण दिवस पर पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। प्रतिमा पर पूजन, माल्यार्पण और पुष्पांजलि के बाद भावांजलि भी दी गई। कई संत, महंत, संस्कृत विद्यार्थी, श्रद्धालु मौजूद रहे। विद्वानों का सम्मान भी किया गया।

## लक्ष्मी और अन्नपूर्णा माता की मातृशक्तियां करेंगी कुमकुम अर्चना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंद्रसेनीय कायस्थ प्रभु महिला मंडल के तत्वाधान में मातृशक्तियां रविवार 16 अगस्त को खजराना गणेश मंदिर परिसर स्थित अन्न क्षेत्र के ऊपर प्रथम मंजिल पर सुबह 10 बजे से माँ लक्ष्मी और माँ अन्नपूर्णा माता की कुमकुम अर्चना 1008 बार मंत्रो से करेंगी। 100 से अधिक मातृशक्तियां दोनों माताओं की आराधना में शामिल होंगी। छाया दीघे ने उक्त जानकारी दी।

## ध्वजारोहण के बाद मेधावी छात्र और अधिवक्ताओं, चिकित्सकों का सम्मान होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सोनी फाउंडेशन द्वारा 15 अगस्त की सुबह 10.30 बजे से सोनी टोल कांटा के पास, रानीपुरा दौलतगंज छत्री पर ध्वजारोहण के बाद मेधावी छात्रों और अधिवक्ताओं, चिकित्सकों के सम्मान का आयोजन किया जाएगा।

# संस्कृत श्लोक पाठ से गूंजा स्कूल




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देवी अहिल्या के पुण्य स्मरण पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता का आयोजन वासुदेव बाग माणिकबाग रोड स्थित स्कूल में किया गया। संस्कृत श्लोक उच्चारण से स्कूल गूंज उठा। अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों के बीच यह प्रतियोगिता तीन भागों में बांटी गई थी। आयोजन में अशोक डागा, सरयू वाघमारे, डॉ. अशोक सचदेवा, वंदना नाफडे, अनिता शाह, कंचन गिदवानी, मुद्रा शास्त्री, दिनेश शिंत्रे, वीणा वर्मा, एवज भंडारे, किरण शर्मा, शुभांगी कांटे, सुनील लाहौर जुडे रहे। विद्यार्थी वैष्णवी पाटीदार ने गीता के कंठस्थ श्लोकों का उच्चारण राग के साथ किया। वहीं निधि, आदर्श यादव, जानवी मसूरिया ने संस्कृत श्लोक की प्रस्तुतियां दी। निर्णायक डॉ. मांगीलाल चौहान, डॉ. कुंवर सिंह मुजाल्दा, अजीता पांडेय, अरिणमा राजूरकर, गिरीश व्यास, आलोक जोशी थे। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन भी मौजूद रही। सुधीर देगडे, स्मिता हार्डीकर, लोकेंद्र वर्मा, लीना अग्रवाल, सीमा वीरांगनकर ,शिवानी शर्मा, मधु सेठिया, सीमा कंडेरा, निलेश केदारे, ज्योति तोमर, विनीता धर्म, अविनाश भांड, ज्योत्सना खर्राटे, किरण शर्मा मौजूद रहे। दिशा बसावाड़ा, जितेश सुरागे, शिवांगी तिवारी, लक्षिता राठौर, विधि भटेरा, तान्या शाह, अंबिका शर्मा, तन्वी सोलंकी, वैदेही पाराशर, न्यासा यादव, रीत मौर्य विजेता रहे उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।

# नदियों के जल से होगा जानापाव में अभिषेक

### *जल एकत्रित करने के लिए निकला दल*

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्राह्मण समाज संघ शिव परशुराम कार कावड़ यात्रा 16 अगस्त को हंसदास मठ से सुबह 9 बजे निकालेगा। यह कार कावड यात्रा जानापाव पहुंचेगी जहां अलग-अलग नदी चंबल-क्षिप्रा-नर्मदा के जल से अभिषेक किया जाएगा। इन तीनों नदियों के जल को एकत्र करने के लिए आज सुबह हंसदास मठ से दल रवाना किया गया। विजय बोड़खा, पवनदास शर्मा, अशोक चतुर्वेदी,राष्ट्रीय समन्वयक अर्पणा जोशी, सुरेश पाठक, विनय त्रिवेदी सहित विभिन्न पदाधिकारी शहर के अलग-अलग स्थान पर 50 से ज्यादा टीम को मार्गदर्शन दे रहे हैं।



# हरियाली श्रावण अमावस्या पर प्रसादी का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हरियाली श्रावण अमावस्या पर श्री राधाकृष्ण सेवा समिति द्वारा छावनी में आयोजित भंडारे में गोपालदास मंगल मंगल स्वीट्स व विजय गोयल एवं सुनील गोयल ने अपने हाथों से 1500 से अधिक भक्तों को प्रसादी परोसी। यह जानकारी देते हुए गगन मंगल ने बताया कि लगभग पंद्रह सौ से अधिक भक्तों ने शुद्ध घी से निर्मित मालपुआ, रामभाजी, पूरी व पालक भजिए का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विनोद, ओम प्रभात, कैलाश गोयल रिद्धि सिद्धि, विनोद मंगल उपस्थित थे।

# पाइप्स एंड सेनेटरी वेयर डीलर एसोसिएशन के चुनाव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पाइप्स एंड सेनेटरी वेयर डीलर एसोसिएशन के निर्विरोध चुनाव हुए। चुनाव अधिकारी प्रकाश सालगिया एवं महेश शाह ने घोषणा की। पुरुषोत्तम राठी अध्यक्ष, भरत शाह-निर्वतमान अध्यक्ष,





पिंकेश शाह-सचिव, नरेन्द्र गुप्ता-उपाध्यक्ष, नितिन मूंदड़ा-सहसचिव, राकेश भोजानी-कोषाध्यक्ष, एच.ए. नादिरभाई-कार्यकारिणी सदस्य, ललित कोटिया-कार्यकारिणी सदस्य, कमलेश शाह,मनीष अग्रवाल, कमलेश सोमानी, पंकज शाह-मनोनीत सदस्य, इन्द्रवदन शाह-मनोनीत सदस्य को बधाईयां दी गई।

# गौसेवा समिति ने वितरित किए तिरंगा ध्वज



**कल अमावस्या पर गौसेवा भी की गई**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

गौसेवा समिति ग्रुप द्वारा कल हरियाली अमावस्या पर गौसेवा श्रीराम मंदिर गौशाला में की गई। गौपूजन कर गौ पेट पूजा कराई गई, प्रसाद का वितरण भी किया वहीं मौजूद लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर्व के लिए तिरंगा ध्वज वितरण किए गए। विजय श्याम शारदा, अनुराग नीमा, चंद्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता सहित अन्य सेवा कार्य में मौजूद रहे।



# मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां अहिल्या देवी महिला मंडल द्वारा संगम नगर हाई स्कूल में मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला आयोजित की।विद्यार्थी, अध्यापक और स्टाफ ने शिरकत कर करीब 70 मिट्टी के गणेश बनाए। स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण भी दिया गया। इन सभी तैयार प्रतिमाओं को रंग-रोगन कर आगामी गणेशोत्सव पर्व पर विधिवत विराजित किया जाएगा। प्रशिक्षण तृप्ति मिश्रा ने दिया। किरण मिश्रा, ज्योति त्रिवेदी, कुसुम चौहान, राधा त्रिवेदी, पूनम बोरासी एवं अंजली गर्दे का सहयोग रहा।

# जैन संत को याद किया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री तिलकेश्वर पार्श्वनाथ उपाश्रय तिलक नगर में आनंदचंद्रसागर सूरीश्वरजी म.सा. के 152वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में गुणानुवाद सभफा का आयोजन किया गया। पुस्तक आनंद अलंकार का विमोचन भी किया गया। नवकार महामंत्र का सामूहिक पाठ और गुरु वंदना भी की गई।



# जैन साध्वी की मौजूदगी में स्नात्र पूजा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर महावीर बाग, बिजासन रोड पर साध्वीजी गच्छगणिनी सुभद्राश्रीजी म.सा. आदि साध्वी मंडल के सानिध्य में सर्वप्रथम स्नात्र पूजा की गई, उसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओ को सर्वतोभद्र यंत्र दिया गया। पूजा एवं अष्टप्रकारी पूजा की गई। स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी हुआ। सुरेश डोसी, निर्मल ठाकुरिया, धर्मेन्द्र मेहता, प्रेमलता सुराना, मालती चौपड़ा, आशा कोठारी, राजेन्द्र गांधी, सतीश डन्डिया मौजूद थे।



# अग्र बंधुओं ने देखी फिल्म




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर से जुड़े डेढ़ सौ से अधिक समाज बंधुओं ने महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल के मार्गदर्शन में मल्हार मेगा मॉल स्थित मल्टीप्लेक्स में 'धमाल-4' फिल्म प्रदर्शन में भागीदारी की। क्षेत्र के अग्र बंधुओं ने पहली बार एक साथ फिल्म देखी। गोविन्द मंगल, केके गोयल, अजय अग्रवाल, नीतेश बंसल, संदीप अग्रवाल, अमित बंसल, पवन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में अच्छी व्यवस्था पर नीरज गोयल, नवधा अग्रवाल, हितांश बंसल एवं रक्षित सिंघल का सम्मान किया गया।

# दधीचि प्रतिमा से रेलवे पटरी पुल की ओर नई सड़क की बारी

## 56 लाख से ज्यादा खर्च कर मुख्य सड़क का शुरू होगा काम

**इंदौर।** वार्ड क्रमांक 81 के अंतर्गत चाणक्यपुरी चौराहा पर दधीचि प्रतिमा से रेलवे पटरी पुल की ओर जाने वाली मुख्य सड़क अब वाहन चालकों और लोगों के लिए पैदल चलने लायक बनाने के लिए आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा करीब 56 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सड़क का निर्माण कर नवीनीकरण और सीमेंट कंक्रीट कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा, जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद कहा जा रहा है



कि अगले माह में गणेश चतुर्थी से पहले ही जल्द सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य का श्री गणेश हो जाएगा, जिसको लेकर विभागीय तैयारियां तेज हो गई है। बड़ी बात यह है कि चाणक्य पुरी चौराहे और आसपास की कॉलोनी में रहने वाले सैकड़ो रहवासी परिवारों की लंबे समय के बाद नई सड़क निर्माण की मांग पूरी होगी। गौरतलब है कि अभी हालत यह है कि यहां बारिश के दौरान कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है जिसको लेकर रहवासी लंबे समय से क्षेत्रीय पार्षद और विधायक से यहां नई सड़क निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। जिसको लेकर जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रयास चल रहे थे। फाइल मंजूरी के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द काम शुरू हो जायेगा, जिसका सभी को फायदा मिलेगा।

# अनारबाग चौराहे से नाहरशाह नगर तक मुख्य सड़क का होगा चौड़ीकरण



**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 38 के अंतर्गत अनार बाग मुख्य सड़क और चौराहे के साथ नाहरशाह नगर की मुख्य सड़क के साथ चौराहे और आसपास बदला के पास वाली सड़क का भी जल्द चौड़ीकरण कार्य के साथ बेहद जल्द नवनिर्माण कार्य भी शुरू होगा। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षदपति उस्मान पटेल द्वारा पिछले दिनों मंजूरी के बाद अब निगम सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य और निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी भी कर ली गई है।

**रहवासियों की सालों पुरानी मांग अब होगी पूरी-** इधर, क्षेत्रीय पार्षद पति हाजी उस्मान पटेल का कहना है कि क्षेत्र के रहवासियों द्वारा लंबे समय से अनार बाग मुख्य सड़क और चौराहे के साथ नाहर शाह नगर की मुख्य सड़क और आसपास की गलियों की सड़क निर्माण की मांग लगातार की जा रही थी। पिछले दिनों फाइल मंजूरी के बाद अब निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो गई है वहीं अगले माह बेहद जल्द आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में सड़क निर्माण का कार्य एक साथ शुरू भी हो जाएगा। ताकि लोगों की राह आसान हो सके। जिसको लेकर हमारी ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# वार्ड 36 के आधा दर्जन बगीचों का लंबे समय का अंधेरा अब होगा दूर

## विद्युत विभाग लाखों रुपए खर्चकर लगवाएगा नई डेकोरेटिव लाइटिंग

**इंदौर।** सांवेर विधानसभा के अंतर्गत शहरी वार्ड 36 में स्थित करीब आधा दर्जन बगीचों में क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर अब निगम यहां लाखों रुपए खर्चकर आकर्षक डेकोरेटिव डिजाइनर पोल पर नई चमचमाती लाइटिंग लगवाएगा। जिससे क्षेत्र के इन बगीचों का सालों पुराना अंधेरा अब जाकर दूर होगा। यही नहीं इसके लिए निगम ने बकायदा तैयारी भी शुरू कर दी है।

### देर रात तक बच्चे घर के नजदीक वाले बगीचों में खेल सकेंगे

जिसके तहत निगम ने निविदा जारी कर वार्ड 36 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बगीचों में क्षेत्र के रहवासियों और क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवाडे की मांग पर जिन बगीचों में लाइटिंग खराब हो गई है या लंबे समय से लाइटिंग बंद पड़ी है अब वहां आने वाले दिनों में जल्द यहां का सालों पुराना अंधेरा दूर कर नई आकर्षक लाइटिंग से बगीचे जगमगाते नजर आएंगे। सबसे बड़ा फायदा आसपास के रहवासी परिवारों





को होगा। बच्चे घर के सामने देर रात तक खेलने के साथ मनोरंजन कर सकेंगे। वही शाम के समय भी आसपास की महिलाएं और सीनियर सिटीजन घर के सामने के बगीचों में गर्मी के मौसम में आराम से घूम सकेंगे।

# नगर निगम में अब सब कुछ वन टाइम पासवर्ड पर निर्भर

## घोटाले की संभावना को देखते हुए और साइबर सुरक्षा के लिए उठाया गया कदम

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम में कई घोटाले आश्चर्यचकित कर देने वाले हो चुके हैं जिसमें अधिकांश भूमिका अधिकारियों के अधीनस्थ काम करने वाले कर्मचारी की रही है, अब तक जो कार्रवाई भी हुई है वह कार्यपालन यंत्री स्तर तक के अधिकारी पर ही हुई है इसके ऊपर के अधिकारियों पर कोई कार्रवाई या कोई आरोप भी नहीं है। अगर भागीरथपुरा मामले को छोड़ दिया जाए तो यह घोटाला नहीं यह तो केवल घटना थी लेकिन नगर निगम ने ऐसे घोटाले को रोकने के लिए अब एक और बड़ा कदम उठाया है। फाइलों में कोई भी परिवर्तन करने से पहले संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से ओटीपी पासवर्ड लेना होगा इसी के आधार पर परिवर्तन किया जा सकेगा।

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया वेतन घोटाले और फर्जी नामांतरण घोटाले से पहले तक वन टाइम पासवर्ड के माध्यम से काम नहीं किया जाता था जिसके कारण बड़ी अनियमिताएं हुई। सुरक्षा की दृष्टि से अब वन टाइम पासवर्ड मतलब ओटीपी को अनिवार्य कर दिया गया है साथ ही यह सिस्टम पूरे नगर निगम में लागू करने के निर्देश दिए हैं। कोई भी फाइलों में परिवर्तन संबंधित विभाग के बड़े अधिकारी के ओटीपी पासवर्ड के बगैर आगे नहीं बढ़ेगी। वर्तमान में यह सिस्टम राजस्व विभाग में फॉलो किया जा रहा है जिसमें एक बार जोन कार्यालय से नामांतरण एवं राजस्व संबंधी प्रकरण की फाइलें ऑनलाइन होने के बाद बगैर ओटीपी पासवर्ड के नहीं खोली जा सकेगी इसके अलावा इसमें परिवर्तन के लिए भी वन टाइम पासवर्ड मांगा जा रहा है। जोन स्तर तक फाइल रहने के लिए यारों और इसके आगे एआरओ मुख्यालय की भूमिका अहम होगी।

मामले में अपर आयुक्त आकाश सिंह ने भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बगैर ओटीपी के कोई काम नहीं किया जाए अगर किसी ने ऐसा करने का प्रयास किया तो नौकरी से बर्खास्तगी के लिए तैयार रहे। विभाग में कोई भी मैन्युअल फाइल तैयार नहीं की जाएगी सभी की प्रक्रिया डिजिटल तरीके से होनी चाहिए। प्रतिदिन मुख्यालय में फाइलों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए कर्मचारी को जिम्मेदारी दी गई है जो गोपनीय रूप से राजस्व विभाग की गतिविधियों पर नजर रखकर अपर आयुक्त को रिपोर्टिंग कर रहा है। ओटीपी का उपयोग नाम, राशि, एड्रेस, क्षेत्रफल, भुगतान जमा करने पर किया जा रहा है।

# खजराना गणेश मंदिर के कामों में दिखने लगी तेजी

## प्रसाद दुकानों के बाहर बनने लगा वॉटर प्रूफ शेड

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खजराना गणेश मंदिर में अब मंदिर प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे मास्टर प्लान के तहत विकास कार्यों और सौंदर्यकरण के कामों में अब पहले से ज्यादा तेजी दिखने लगी है। एक तरफ जहां मंदिर के गर्भगृह में दर्शनार्थियों के लिए दर्शनों की व्यवस्था को सुलभ और व्यवस्थित करने का काम चल रहा है। जिसके तहत मुख्य द्वार को कई गुना चौड़ा किया गया है। वहीं अब प्रसाद दुकानों के सामने वॉटर प्रूफ शेड लगाने का काम भी तेजी के साथ शुरू हो गया है, जो अगले कुछ दिनों में बेहद जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जिसको लेकर मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही है। इसका फायदा मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद दुकान वाले व्यापारियों को भी मिलेगा।



इसका सबसे बड़ा फायदा खजराना गणेश मंदिर दर्शनों के लिए देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को।मिलेगा। गौरतलब है कि अगले माह 16 सितंबर से गणेश चतुर्थी महोत्सव प्रारंभ होने जा रहा है। इस दस दिवसीय भव्य आयोजन में देशभर से लाखों गणेश भक्त दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। तब तक नया वाटरप्रूफ शेड बनकर तैयार हो जाने से बारिश के दौरान गीला होने से टाइल्स पर फिसलन नहीं होगी। साथ ही दिन में तेज धूप के दौरान भी गणेश जी के भक्त आसानी से बगैर गर्मी में तपे और मानसून में बारिश में भीगे बिना अपने आराध्य प्रभु के दर्शन आसानी से कर सकेंगे। साथ ही यहां पूजन सामग्री और प्रसाद की दुकान लगाने वाले व्यापारियों को भी गर्मी और बरसात के दिनों में वॉटर प्रूफ शेड लगने से सुविधा मिलेगी।

**तेजी से चल रहे मास्टर प्लान के काम-** मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट का कहना है कि वर्तमान में मंदिर में भीतर टाइल्स लगाने और मुख्य प्रवेश द्वार चौडीकरण और संवारने के कार्य के साथ प्रसाद दुकानों के सामने बीच के हिस्से में वॉटर प्रूफ शेड निर्माण कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है। साथ ही आने वाले दिनों में कुछ अन्य नए काम भी जल्द शुरू होंगे।

## संपादकीय

# विमान सुरक्षा पर फिर सवालः हादसे के बाद भी क्यों नहीं सुधरती व्यवस्था?

नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कहना है कि इस हादसे के प्रारंभिक जांच निष्कर्षों को गंभीरता से लिया गया है और अब इसकी गहराई से जांच की जाएगी। जब भी कोई विमान हादसा होता है, तो उसके जांच निष्कर्षों का पहला सबक यही होना चाहिए कि भविष्य में उस तरह की खामियां किसी दुर्घटना का कारण न बनें। मगर विमान हादसों का सिलसिला जिस तरह बदस्तूर जारी है, उससे यह विश्वास करना मुश्किल है कि सबक लेने और सुधार की प्रक्रिया में कहीं कोई गंभीरता बरती जाती है। कहने को यात्रियों की सुरक्षा सरकार और विमानन कंपनियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही नजर आती है। तकनीकी सतर्कता की कमी और मानव जनित गड़बड़ियों को दूर करने के लिए तमाम तरह के नियम बनाए गए हैं, मगर इनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र का अभाव आज भी साफ दिखाई देता है। इसका ताजा उदाहरण हाल में थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान के साथ हुआ वह हादसा है, जिसमें विमान हवा में अचानक अनियंत्रित होकर तीन सौ फुट नीचे आ गया और सत्रह यात्री घायल हो गए। इस विमान में चालक दल के साथ कुल 145 यात्री सवार थे। हादसे की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विमान के मुख्य पायलट ने मनःप्रभावी यानी नशीले पदार्थ का सेवन किया था। इससे हवाई सफर के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। देश में हवाई यात्रा की सुविधा का दायरा बढ़ाने के लिए विमान सेवाओं का भले ही विस्तार किया जा रहा है, विमान किराये में भी आए दिन बेलगाम तरीके से बढ़ोतरी होती रहती है, मगर सुरक्षा के मोर्चे पर मानकों के अनुरूप सतर्कता, सक्रियता और गंभीरता पर ध्यान कम ही दिया जाता है। यही वजह है कि कभी तकनीकी खराबी, कभी मानवीय चूक, तो कभी मौसम की अप्रत्याशित चुनौतियां विमान हादसों का कारण बनती हैं। फुकेत से दिल्ली आ रहे विमान के अनियंत्रित होने की वजह वायुमंडलीय अस्थिरता यानी एयर टर्बुलेंस बताई गई थी। हालांकि बाद में इस विमान को दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया था, मगर अहम सवाल यह है कि देश भर में होने वाले विमान हादसों से सबक क्यों नहीं लिया जाता है? इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और विमान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पायलटों तथा अन्य प्रशिक्षित कर्मियों की जरूरत के मुताबिक तैनाती नहीं हो पाने से संचालन तंत्र पर दबाव बढ़ रहा है और इससे मानवीय चूक की संभावनाएं भी अक्सर बनी रहती हैं। मगर जब पायलट नशीले पदार्थ का सेवन कर विमान उड़ाने लगे, तो यह व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। क्या उड़ान से पहले चालक दल का जरूरी परीक्षण नहीं किया जाता है? अगर नियमानुसार यह व्यवस्था लागू है, तो फिर क्या वजह है कि फुकेत-दिल्ली उड़ान के मुख्य पायलट के नशीले पदार्थ के सेवन की बात पहले पकड़ में नहीं आई, जिस कारण यात्रियों की जान मुश्किल में पड़ गई। अगर समय रहते स्थिति नियंत्रण में नहीं आती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कहना है कि इस हादसे के प्रारंभिक जांच निष्कर्षों को गंभीरता से लिया गया है और अब इसकी गहराई से जांच की जाएगी। मगर सवाल यही है कि क्या इस जांच के नतीजे से सबक लेकर भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए अतिरिक्त सतर्कता एवं सुरक्षा उपायों पर ध्यान दिया जाएगा या फिर इसे भी संबंधित हादसे तक ही सीमित रखा जाएगा?

**सोना-चांदी के आज के भाव**

| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| --- | --- |
| 151900 | 154697 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 232500 | 237400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# वृद्ध महिला से सोने की चेन छीनने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**इंदौर।** मनोरमा मोदी पति स्व. नरेन्द्र मोदी उम्र 78 साल निवासी 48 सुखदेव नगर मेन एयरपोर्ट रोड़ इंदौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10.08.2026 के प्रातः करीबन 8 बजे अपने घर से रोजमर्रा के कार्य हेतु पैदल जा रही थी तभी अंजनी नगर रोड़ पर पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन (जिसमें सोने का पेण्डल लगा था) झपट्टा मारकर छीन ली और फरार हो गए।

फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना एरोड्रम में अपराध क्रमांक 525/2026 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। एरोड्रम थाना प्रभारी वेदेन्द्र सिंह कुशवाह के द्वारा तत्काल टीम गठित कर टीम को रवाना किया। उक्त टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में पूर्व में चैन स्नैचिंग की घटना कारित करने वाले आरोपियों से पूछताछ की गई एवं शहर के करीबन 40 से 45 सीसीटीव्ही फुटेजों का अवलोकन किया गया तथा पुलिस तकनीकी के माध्यम एवं आसूचना संकलन का प्रयोग कर महज 24 घण्टे के अंदर स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले हिमांशु पिता कमलेश महिवाल उम्र 30 साल निवासी आदित्य नगर जिला शाजापुर म.प्र और पीयूष जैन पिता हेमन्त जैन उम्र 35 साल निवासी कालानी नगर एयरपोर्ट रोड जिला इंदौर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 सोने की चेन, 1 सोने का पेण्डल व एक मोटरसायकल कुल कीमत करीबन 300000/- रुपए का मश्रुका बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी एरोड्रम वेदेन्द्र सिंह कुशवाह, सुरेन्द्र सिंह मेहता, जोगेश लश्करी, पुष्पेन्द्र कुमार एवं विश्वेन्द्र कुमार की सराहनीय भूमिका रही।



## आईटी पार्क की कंपनी में विवाद, सीनियर ने कर्मचारी को गालियां देकर पीटा

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित आईटी पार्क में एक कंपनी के भीतर कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। काम खत्म होने के बाद खड़े रहने जैसी मामूली बात पर सीनियर टीम लीडर ने कर्मचारी से अभद्रता करते हुए हाथ-थप्पड़ों से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी के हाथ में पहने कड़े से पीड़ित कर्मचारी के सिर और माथे पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी टीम लीडर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चंदन नगर पुलिस के अनुसार, ऋषि पैलेस निवासी फरियादी सचिन पिता विजय सिंह परिहार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित सचिन सिंहासा स्थित आईटी पार्क की अपॉल्टो इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि घटना के समय उसकी कंपनी से छुट्टी होने वाली थी और वह हाथ धोकर खड़ा था। इसी दौरान कंपनी का टीम लीडर जय सिंह उसके पास आया और वहां खड़े रहने का कारण पूछने लगा। सचिन ने जब बताया कि उसका काम खत्म हो चुका है और छुट्टी का समय होने के कारण वह खड़ा है, तो आरोपी जय सिंह भड़क गया और सीनियर होने का रोब झाड़ते हुए मुंह न लड़ाने की बात कहकर गालियां देने लगा। जब पीड़ित ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी जय सिंह ने आपा खो दिया और सचिन के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान जय सिंह के हाथ में पहने कड़े से सचिन के सिर और दाहिनी तरफ माथे पर चोट लग गई।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षा बलों की मॉक-ड्रिल

### सीआईएसएफ, बीएसएफ और पुलिस ने परखा तालमेल

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए बुधवार को एक वृहद संयुक्त आतंकवाद रोधी मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल , सीमा सुरक्षा बल और जिला पुलिस द्वारा आयोजित इस उच्च स्तरीय अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति, संदिग्ध गतिविधि या संभावित आतंकी खतरे से निपटने के लिए विभिन्न सुरक्षा बलों की तैयारियों और आपसी तालमेल को परखना था।

मॉक ड्रिल के दौरान एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को भेदने, संदिग्ध घुसपैठ और आपातकालीन खतरे की एक काल्पनिक स्थिति बनाई गई। घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के त्वरित प्रतिक्रिया दल, बीएसएफ के जवानों और स्थानीय पुलिस ने बिना कोई समय गंवाए पूरे एयरपोर्ट परिसर को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया। इस संयुक्त ड्रिल में बम निरोधक दस्ता , अग्निशमन विभाग और चिकित्सा टीमों ने भी अपनी-अपनी भूमिकाओं का मुस्तैदी से निर्वहन किया। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच सूचना के आदान-प्रदान और कम से कम समय में रेस्क्यू व काउंटर ऑपरेशन को अंजाम देने की क्षमता को परखना था। मॉक ड्रिल के समापन पर सभी भाग लेने वाली एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अधिकारियों ने जवानों के रिस्पॉन्स टाइम और बेहतरीन आपसी समन्वय की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया।



इसी क्रम में आगामी स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की बीडीडीएस टीम द्वारा दिनांक 11 अगस्त 2026 को ए-21 मॉल, इंदौर में बम थ्रेट संबंधी मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान बीडीडीएस प्रभारी श्री खालिद मुश्ताक के नेतृत्व में टीम ने विजय नगर थाना पुलिस व मॉल के सुरक्षा स्टाफ एवं विभिन्न शोरूम के कर्मचारियों को साथ लेकर आपातकालीन परिस्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रिया का जीवंत अभ्यास कराया। इसमें लावारिस अथवा संदिग्ध वस्तु मिलने पर तत्काल क्षेत्र को सुरक्षित करने, लोगों को संदिग्ध वस्तु से दूर रखने तथा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत पुलिस एवं विशेषज्ञ टीम को सूचना देने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया।

# बुजुर्ग का मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 95 हजार

**इंदौर।** साइबर अपराधियों ने अब बुजुर्गों को अपना सॉफ्ट टारगेट बनाना शुरू कर दिया है। किशनगंज थाना क्षेत्र में एक 78 वर्षीय बुजुर्ग को जाल में फंसाकर शातिर ठगों ने उनके बैंक खाते से करीब 95 हजार 498 उड़ा दिए।

पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी की यह घटना किशनगंज निवासी मुरारीलाल पिता बाबूलाल पांचाल के साथ हुई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई की सुबह अज्ञात अपराधियों ने तकनीकी हथकंडे अपनाकर उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। मोबाइल पर नियंत्रण हासिल करते ही ठगों ने उनके बैंक खाते का रुख किया और एक ही झटके में 95 हजार की अवैध निकासी कर ली।पैसे कटने के बाद बुजुर्ग को जब ठगी का अहसास हुआ, तो उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। हेल्पलाइन से मिले इनपुट के आधार पर मामला अब किशनगंज पुलिस को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस टीम तकनीकी आधार पर जांच कर रही है कि आखिर किस तरह से मोबाइल हैक किया गया और यह राशि किस खाते में ट्रांसफर की गई है। पुलिस अब साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से आरोपियों के आईपी एड्रेस और वॉलेट डिटेल्स को ट्रैक कर रही है।

# सीसीटीवी से खुला बकरा चोरी का राज

## ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उंडवा में चोरी की एक अनोखी वारदात सामने आई है। घर के बाहर बंधा बकरा चोरी होने के बाद ग्रामीणों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर दो शातिर चोरों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोचा और मानपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम उंडवा निवासी फरियादी अवंतिबाई पति प्रताप निनामा (60) ने मानपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि बीती रात उनके घर के बाहर बंधा हुआ बकरा अचानक गायब हो गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बकरे का कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जांचे। फुटेज में दो संदिग्ध युवक चोरी का बकरा ले जाते हुए दिखाई दिए।?सीसीटीवी फुटेज में हुलिया देखने के बाद अवंतिबाई के बेटे और गांव के अन्य लोगों ने तुरंत आसपास के इलाके में संदिग्धों की तलाश शुरू की। कुछ ही दूरी पर ग्रामीणों ने दोनों संदिग्धों को घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों की पहचान दिलीप सोलंकी निवासी कुक्षी, जिला धार और कृष्णा निवासी जिला सागर के रूप में हुई। ग्रामीणों ने दोनों आरोपियों को तुरंत मानपुर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मानपुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# बिजली का बिल अपडेट करने के नाम पर धोखाधड़ी

## लिंक भेजकर हैक किया मोबाइल, क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 78 हजार रुपये

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

तुकोगंज थाना क्षेत्र में बिजली बिल का भुगतान और अपडेट करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से हजारों रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। शातिर साइबर ठग ने पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजी और फोन हैक कर क्रेडिट कार्ड से 78 हजार 989 रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पंचम की फेल निवासी फरियादी बाबूलाल पिता ओमप्रकाश जोनवाल ने तुकोगंज थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का संदेश और लिंक प्राप्त हुआ था, जिसमें बिजली का बिल बकाया होने और तुरंत भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने की बात कही गई थी। झांसे में आकर जैसे ही फरियादी ने दिए गए लिंक पर क्लिक किया, शातिर आरोपी ने उनका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित के क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी में सेंधमारी करते हुए कार्ड से कुल 78 हजार 989 रुपये ट्रांसफर कर लिए। खाते से पैसे कटने के मैसेज आने पर पीड़ित को धोखाधड़ी का अहसास हुआ। तुकोगंज थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर अपराध की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और संबंधित मोबाइल नंबर व ट्रांजैक्शन की पड़ताल की जा रही है।

# राजस्व शिविर में 220 प्रकरणों का निराकरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन ने कल तीन स्थानों रंगवासा, लसूड़िया परमार और पिपल्याराव में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किये गये। इन शिविरों में कुल 220 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस शिविर में नामांतरण के कुल 80 प्रकरण,बंटवारा के 05 प्रकरण,सीमांकन के 4,नक्शा तरमीम के 6,रास्ता विवाद के 3 प्रकरण सहित कुल 100 से अधिक प्रकरणों का निराकरण  किया गया। जूनी इंदौर के पिपल्याराव स्थित ग्राम पिपल्याराव में भी राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व शिविर में करीब 170 किसान आमजन शामिल हुये। शिविर में इन्द्राज दुरूस्ती, नामांतरण, बंटवारा, बटांकन, सीमांकन, रास्ता विवाद के प्रकरणों की सुनवाई कर अंतिम आदेश पारित किया गया। 42 प्रकरणों का शिविर के दौरान ही अंतिम आदेश पारित किया गया। इस प्रकार कुल 43 प्रकरणों का शिविर में निराकरण कर आदेशों/खसरो की प्रति संबंधित कृषकों को प्रदान की गई। इनके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना गया व सम्बंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए गए । एक रास्ता विवाद के प्रकरण व 03 अवैध कब्जे के प्रकरण में स्थल निरीक्षण किया गया। सीएम. हेल्पलाईन शिकायतें संतुष्टि पूर्वक बंद करवाई गई। किसानों की ई.के.वाय.सी एवं फार्मेर रजिस्ट्री स्वीकृत की गई। रीजनल पार्क तालाब के कैचमेंट एरिया का निरीक्षण किया गया।

# विद्यार्थियों ने हथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर पब्लिक स्कूल राऊ रोड के फैशन टेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा जिला हथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र, पोलोग्राउंड, इंदौर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को हथकरघा पर वस्त्र बुनाई की प्रक्रिया का विस्तार से अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध बुनाई कला, हथकरघा की परंपरा तथा हथकरघा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण केंद्र के कर्मचारियों महेश कोरी,  दीक्षा पुराणिक एवं अरुण विश्वकर्मा द्वारा वस्त्र बुनाई की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हथकरघा से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को समझा तथा पारंपरिक बुनाई कला के बारे में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान जोनल कार्यालय इंदौर के उप संचालक श्री कमलेश कुमार नागर भी उपस्थित रहे।

# मेसी के पिता के निधन पर रोनाल्डो का भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** फुटबॉल जगत के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। इस दुखद घड़ी में उनके चिर प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने खेल से परे जाकर मेसी के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। रोनाल्डो ने मेसी के भावुक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'इस कठिन समय में लियो, आपको और आपके परिवार को ढेर सारा प्यार और हिम्मत। मजबूत बने रहो।' रोनाल्डो से इस कमेंट ने फैंस के दिलों को जीत लिया है।

अपने पिता के निधन के बाद लियोनेल मेसी ने एक बहुत ही भावुक संदेश साझा करते हुए कहा कि उनके पिता हमेशा चाहते थे कि वे एक

## दोनों दिगगजों की दिखी खास बॉन्डिंग

आखिरी वर्ल्ड कप जरूर खेलें। मेसी ने याद करते हुए बताया कि टूर्नामेंट शुरू होने से महज कुछ दिन पहले ही उनके पिता की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। मेसी की मां उन्हें लगातार दिलासा देती रहीं कि पिता जल्द ठीक हो जाएंगे और मैच देखने जरूर आ पाएंगे।

मेसी ने खुलासा किया कि उनका एकमात्र लक्ष्य किसी तरह वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचना था ताकि उनके पिता यात्रा करके मैच देखने आ सकें। हर मैच के बाद वे अपने पिता के मैसेज का इंतजार करते थे और इसी दौरान उन्हें अंदाजा हुआ कि स्थिति कितनी गंभीर है। मेसी ने कहा कि वे अपने शरीर की सीमाओं से परे जाकर केवल अपने पिता के लिए यह ट्रॉफी जीतना चाहते थे।

फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनके पिता स्वास्थ्य कारणों से फाइनल मैच देखने के लिए नहीं पहुंच सके और अर्जेंटीना फाइनल में चैंपियन बनने से चूक गया। मेसी ने भारी मन से लिखा, हम फाइनल में पहुंचे लेकिन आप वहां मौजूद नहीं हो सके। मैं आपके लिए ट्रॉफी जीतना चाहता था, लेकिन मेरे पैर अब मेरा साथ नहीं दे रहे थे। हम भले ही चैंपियन नहीं बन पाए पापा, लेकिन आपने सही कहा था, मुझे वहां खेलना ही चाहिए था।

## सीएम ने एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाने के दिए निर्देश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, जैसे अन्य राज्यों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि हम प्राकृतिक रूप से दुग्ध उत्पादन को बढाएंगे और प्राकृतिक रूप से ही पनीर बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पदोन्नति में सीपीसीटी परीक्षा बाधक नहीं बने।


### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री आष्टराज चौधरी पिता श्री फत्तुलाल चौधरी** पता-म.नं.1141 स्कीम नं. 51 इन्दौर सम्पत्तिकर सर्विस नं.1000915431 झोन क्र. 04 वार्ड13 राजस्व विभाग में **श्री जगन्नाथ पिता श्री रघुनाथजी पाल** ने आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो  झोन क्र.04 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 04**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री रघुनाथ खुरैया पिता स्व. श्री चतुर्भुज खुरैया** पता- मकान नं. 302 भागीरथपुरा इन्दौर सम्पत्तिकर सर्विस नं.1000903869 झोन क्र. 04 वार्ड 11 राजस्व विभाग में **श्री चतुर्भुज पिता श्री माणक** ने आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो  झोन क्र.04 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 04**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**श्री अटलबिहारी वाजपेयी ( स्कीम नं. 54 ) झोन 07**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **विक्रेता-निर्मल शर्मा व अन्य क्रेता-श्री गौरव पिता देवेन्द्र गोपीलाल झारिया** पता-203 ब्लाक कारनेशनल रायल अमरग्रीन निरंजनपुर इन्दौर इन्दौर द्वारा झोन क्र 07 वार्ड 34 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रेकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो  झोन क्र.07 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 07**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

### विवाद्यकों के स्थिरिकरण के लिए सम्मन

**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**

**न्यायालय-श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय पूर्व भीलवाडा (राज.)**
**रूपलाल अजमेरा** **वादी**
**बनाम**
**प्रतिवादी-मेसर्स अर्पित हाईट्स प्रा.लि. वगैरह**
**वाद संख्या-19 सन-2023 ई.डी.**
**प्रेषित-(1) मेसर्स अर्पित हाईट्स प्रा.लि.जरिये डायरेक्टर राजेन्द्र जैन**
**नाम-(2) अर्पित पपरीवाल अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता मे. अर्पित हाईट्स प्रा.लि.**
**निवासियान-17/1 ओल्ड पलासिया एबी रोड इन्दौर जूनी इन्दौर (म.प्र.) 452001**

वादी ने आपके विरुद्ध-1 लाख 35 हजार रुपये वसूली के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29/08/2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समयक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। (आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा आधारित है और यदि किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा  या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो और इसी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध को जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

# गुजरात टाइटंस ने ठुकराया हार्दिक पंड्या की वापसी का ऑफर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी पुरानी टीम गुजरात टाइटंस में वापस लौटने को लेकर बातचीत कर रहे थे, लेकिन कप्तानी की जिद के कारण यह डील सिरे नहीं चढ़ सकी। सूत्रों के मुताबिक, गुजरात फ्रेंचाइजी उन्हें टीम में शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार थी। इस बारे में मौजूदा कप्तान शुभमन गिल से भी राय ली गई थी और वे भी हार्दिक की वापसी पर राजी हो गए थे। हालांकि, जब हार्दिक ने टीम की कप्तानी दोबारा खुद को सौंपने की शर्त रखी, तो मैनेजमेंट ने इसे सिरे से खारिज कर दिया।

### हार्दिक के पक्ष की सफाई और फ्रेंचाइजी की खामोशी

गुजरात टाइटंस के अधिकारियों ने इस पूरे घटनाक्रम पर मीडिया से कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, हार्दिक पंड्या के प्रवक्ता का कहना है कि हार्दिक ने किसी भी फ्रेंचाइजी से ट्रेड को लेकर सीधे तौर पर कोई बात नहीं की है। उनके मुताबिक, अगर इस तरह की



कोई पहल हुई भी है, तो वह सीधे मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी के स्तर पर ही हुई होगी। बावजूद इसके, मुंबई इंडियंस के अंदर भी हार्दिक के भविष्य को लेकर असमंजस का माहौल बना हुआ है। मुंबई इंडियंस के लिए बीता सीजन बेहद निराशाजनक रहा, जहां टीम 14 में से 10 मुकाबले गंवाकर अंक तालिका में 9वें नंबर पर सिमट गई। लगातार मिल रही हार और 6 सालों से खिताबी सूखे के चलते मैनेजमेंट अब हार्दिक को कप्तानी से हटाने पर विचार कर रहा है। आखिरी मैच के बाद कोचिंग स्टाफ ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए साफ कर दिया था कि सीनियर खिलाड़ियों को डाटा और रणनीति के हिसाब से खेलना होगा, जिसे सीजन के दौरान लगातार अनदेखा किया गया था।

गुजरात टाइटंस को 2022 में अपनी कप्तानी में पहली ही बार में चैंपियन बनाने वाले हार्दिक जब 2024 में रोहित शर्मा की जगह मुंबई के कप्तान बने, तो फैंस उनसे काफी नाराज हो गए थे। हालांकि 2025 में फैंस के साथ उनके रिश्ते थोड़े सामान्य होते दिखे थे, लेकिन 2026 के सीजन में टीम की दुर्गति और कप्तानी के नए विवाद ने एक बार फिर हार्दिक की राह मुश्किल कर दी है।

## भारतीय टेबल टेनिस फेडरेशन पर खेल मंत्रालय की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय टेबल टेनिस के प्रशासन को लेकर खेल मंत्रालय ने बुधवार को बड़ा कदम उठाया। मंत्रालय ने टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीआईएफ) की मान्यता निलंबित कर दी है। इस फैसले के पीछे फेडरेशन में गवर्नेंस से जुड़ी कमियों को मुख्य वजह बताया गया है। मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, टीटीएफआई की ओर से समय पर चुनाव नहीं कराना भी मान्यता निलंबित करने के कारणों में शामिल है। इससे पहले मंत्रालय ने फेडरेशन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## काव्य को कराटे में मिला ऑरेंज बेल्ट



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ड्रैगन मार्शल आर्ट्स एकेडमी द्वारा पब्लिक स्कूल में आयोजित रेनबुकान कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में युवा खिलाड़ी काव्य मोलासिरिया ने ऑरेंज बेल्ट हासिल कर सफलता पाई। इस अवसर पर मास्टर सईद आलम ने काव्या को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ऑरेंज बेल्ट से सम्मानित किया।

### पहले टेस्ट में किसे मिलना चाहिए मौका

# सरफराज या जुरेल

**गॉल।** श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम की प्लेइंग 11 को लेकर बहस तेज हो गई है। चोटिल साई सुदर्शन की जगह टीम में शामिल किए गए सरफराज खान और युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के बीच नंबर 6 पर खेलने को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है। जहां कई फैंस सरफराज को मौका देने के पक्ष में हैं, वहीं पूर्व भारतीय स्पिनर मुरली कार्तिक ने टीम कॉम्बिनेशन पर अपनी स्पष्ट राय दी है।

मुरली कार्तिक ने कहा कि टीम में स्थिरता और खिलाड़ियों को सुरक्षा की भावना देना बेहद जरूरी है। कार्तिक के अनुसार, भले ही सरफराज खान ने कुछ गलत नहीं किया है और वे स्पिन के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन वे एक रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में आए हैं। इसलिए मेरी नजर में सरफराज खान की जगह ध्रुव





जुरेल को प्लेइंग 11 में शामिल किया जाना चाहिए।

कार्तिक का मानना है कि हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल जो टीम कल्चर बना रहे हैं, उसमें निरंतरता और स्पष्ट संवाद (कम्युनिकेशन) सबसे अहम है। जब कोई खिलाड़ी रिप्लेसमेंट के रूप में आता है, तो पहले से तय योजना में शामिल खिलाड़ी को हटाना टीम के मनोबल पर असर डाल सकता है। जुरेल ने अपने हालिया लाल गेंद के प्रदर्शन से अपने संयम और क्षमता का लोहा मनवाया है, जो टीम को संतुलन प्रदान करता है।

ऋषभ पंत के मुख्य विकेटकीपर के रूप में खेलने के बावजूद, ध्रुव जुरेल टीम को एक अतिरिक्त विकल्प और गहराई देते हैं। हालांकि स्पिन फ्रेंडली पिचों पर सरफराज खान के स्वीप शॉट्स और फुटवर्क का मुकाबला करना किसी भी विरोधी के लिए आसान नहीं है, लेकिन जुरेल को मौका देना टीम के संतुलन और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास दोनों के लिहाज से बेहतर विकल्प साबित होगा।

## फुटबॉल मैदान पर रोचक मुकाबले जारी

**इंदौर।** डेली कॉलेज में चल रहे कासलीवाल ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के पाँचवें दिन विभिन्न पूलों में रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन के दौरान कुछ टीमों ने जीत दर्ज की, जबकि तीन मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। पांचवें दिन पूल-ए के मुकाबले में किड्स कॉलेज ने श्रीराम सेंटेनियल स्कूल को 2-1 से पराजित किया। किड्स कॉलेज के आगम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे मुकाबले में श्री श्री रविशंकर स्कूल ने प्रेस्टीज को 2-1 से हराया।



विजेता टीम के लक्ष्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूल-बी में लॉरेल्स स्कूल और द शिशुकुंज, झालरिया के बीच मुकाबला गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। लॉरेल्स स्कूल के आदित्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं सेंट अर्नोल्ड और द शिशुकुंज, नॉर्थ के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा । द शिशुकुंज, नॉर्थ के अनिरुद्ध को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूल- सी में आई ए टी ए वी स्कूल ने अकायना स्कूल को 2-0 से हराया। आई ए टी ए वी स्कूल के कुलदीप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया । वहीं जी डी अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने जी डी गोयनका को 1-0 से पराजित किया। अग्रवाल पब्लिक स्कूल के यश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूल-ई में दिल्ली पब्लिक स्कूल, राऊ और द मिलेनियम्स स्कूल के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। द मिलेनियम्स स्कूल के जाशु हारा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसी ग्रुप में एम आई एस ने केंद्रीय विद्यालय संगठन नंबर-1 को 1-0 से हराया। एम आई एस के वीरेश शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## आराध्य, पार्थ, तनिष्क का उम्दा प्रदर्शन

**इंदौर।** एसजीएफआई इंटर-स्कूल ज़िला शतरंज प्रतियोगिता पूरे जोश के साथ जारी रही । तीसरे दिन राउंड 3, 4 और 5 हुए, जिसमें युवा शतरंज खिलाड़ियों ने बेहतरीन एकाग्रता, रणनीतिक सोच और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मेजबान गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने ज़िला-स्तरीय प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उनकी जीत उनके समर्पण, तैयारी और प्रतिस्पर्धी भावना को दर्शाती है। तीसरे दिन 14 साल से कम उम्र के ग्रुप में आराध्य मिश्रा राउंड 3 और राउंड 4 में विजेता रहे । वहीं पार्थ वाधवानी राउंड 3, राउंड 4 और राउंड 5 में विजेता रहे । तनिष्क बिसेन राउंड 2, राउंड 3 और राउंड 4 में विजेता रहे। जीतने वाले छात्रों ने अपने मैचों के दौरान ज़बरदस्त फोकस, धैर्य और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन ने ज़िला-स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल की स्थिति को और मज़बूत किया है।

## दिवीना, ऐशवी, अदविक क्वाटरफाइनल में पहुंचे

**इंदौर।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही हरिसन्स् डेवलपर्स प्रा. लि. अखिल भारतीय चैम्पियनशिप सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए प्री-क्वाटरफाइनल मुकाबले में मध्यप्रदेश की दिवीना धूपर, ऐशवी जैन ने बालिका वर्ग से तथा अदविक गोयल ने बालक वर्ग से अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर क्वाटरफाइनल में जगह बना ली है। बालिका बर्ग-12 वर्ष आयु के प्री-क्वाटरफाइनल में दिवीना धूपर (म.प्र.) ने गौरी शर्मा (म.प्र.) को 8-0 से, ऐशवी जैन (म.प्र.) ने आरोही कुशवाह (म.प्र.) को 8-1 से, निमिषा धुरकुडें (महा.) ने शामभवी सिंह (म.प्र.) को 8-2 से, समायरा तम्हाणे (महा.) ने काव्या मालेगांवकर (महा.) को 8-2 से, मानसवी फुके (महा.) ने मिषका सहगल (महा.) को 8-3 से, वाणी छत्तुर (महा.) ने अभिनिति छाछरे (महा.) को 8-2 से हराया। बालक वर्ग-12 वर्ष आयु के प्री-क्वाटरफाइनल में अदविक गोयल (म.प्र.) ने विहॉन देवधरे (महा.) को 8-6 से, रिदित नवले (महा.) ने हुदान डागा (म.प्र.) को 8-5 से, समरवीर सिद्धू (महा.) ने मोहम्मद हमदान (उ.प्र.) को 8-3 से हराया।

# भारतीय कैनो पोलो टीम में इंदौर के तीन खिलाड़ी शामिल

**इंदौर।** भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए) एवं इंडियन कैनो पोलो द्वारा वर्ष 2026 में रूस में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 'अल्ताई रेगाटा कैनो पोलो एवं एसयूपी बोर्डिंग फेस्टिवल' के लिए भारतीय कैनो पोलो टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम के चयन के लिए गत माह इंदौर के महू नाका स्थित स्व. लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्कर स्विमिंग पूल में चयन ट्रायल आयोजित किए गए।

चयन ट्रायल में देश के विभिन्न खिलाड़ियों ने भाग लिया और भारतीय टीम में स्थान बनाने के लिए अपनी खेल प्रतिभा, तकनीकी कौशल, फिटनेस एवं टीम समन्वय का प्रदर्शन किया। ट्रायल में लगभग 15 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन और निर्धारित चयन मानदंडों के आधार पर भारतीय टीम का चयन किया गया।



इंदौर के तीन खिलाड़ियों गौरव द्विवेदी, मनीष इमोलिया एवं प्रियमवद सिंह राठौड़ का भारतीय टीम में चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भारतीय टीम - आकाश बाथम, गौरव द्विवेदी, मनीष इमोलिया, प्रियमवद सिंह राठौड़, जीशान हुसैन, महेंद्र कीर, धीरज सिंह कीर एवं नवीन कुमार अद्देपल्ली । कोचः राठी अनिल, मैनेजरः प्रशांत सिंह रघुवंशी इंडियन कैनो पोलो के चेयरमैन योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि चयनित भारतीय टीम रूस के बरनौल, अल्ताई क्राय में 14 से 17 अगस्त तक प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। चयनित खिलाड़ियों को बलवीर सिंह कुशवाह, मालिनी गौड़, प्रशांत कुशवाह, एकलव्य सिंह गौड़, लोकेन्द्र सिंह राठौड़, योगेन्द्र सिंह राठौड़, आनंद पाठक, अखिलेश पाठक, मनीष बिरथरे, वीरेंद्र शेंडके, सागर तोन्डे एवं मोहित इमोलिया ने बधाई दी।

# भैंस की 10 हजार की उधारी के विवाद में बुजुर्ग की हत्या

## बचाने आए बेटे पर भी जानलेवा हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गौतमपुरा थाना इलाके के एक गांव में मामूली रकम के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद खूनी रंजिश में बदल गया। बेची गई भैंस के महज 10 हजार रुपये के बकाया को लेकर आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से एक बुजुर्ग पर लोहे की रॉड, डंडों और पत्थरों से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। बीच-बचाव करने और पिता को बचाने दौड़े बेटे को भी हमलावरों ने बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने महिला समेत आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या और जानलेवा हमले की धाराओं में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक हाजी यूनुस पटेल (56) का गांव के ही अल्लानूर पटेल से भैंस के बकाया 10 हजार रुपये को लेकर विवाद चल रहा था।बीती सुबह करीब जब हाजी यूनुस अल्लानूर के घर के पास से गुजर रहे थे, तभी अल्लानूर, उसकी पत्नी रईसा बी और बेटा शेखर उन्हें रोककर गाली-गलौज करने लगे। इसी बीच उनके परिवार के अन्य सदस्य इमरान, अजबनूर, अफसर, इजराल और भूरा पटेल भी लोहे की रॉड और डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। विवाद की खबर मिलते ही यूनुस का बेटा अशफाक अपने भाई जुबेर के साथ पिता को बचाने मौके पर पहुंचा। लेकिन तब तक बेकाबू आरोपियों ने हाजी यूनुस पर हथियारों से ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए थे। जब अशफाक ने पिता को बचाने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने उस पर भी जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिर और शरीर पर आई गंभीर चोटों के कारण बुजुर्ग हाजी यूनुस लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद रईसा बी और अल्लानूर समेत सभी आठों आरोपी मौके से फरार हो गए। गौतमपुरा पुलिस ने फरियादी सादिक पटेल और घायल अशफाक पटेल के बयानों के आधार पर आठों आरोपियों के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया है।

# सड़क हादसों में 3 की मौत

## बाइक से गिरी महिला एवं रैली में शामिल होने आए युवक ने तोड़ा दम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



लसूड़िया और भंवरकुआं थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। लसूड़िया थाना पुलिस के मुताबिक, हादसा बायपास पर डीपीएस स्कूल के पास हुआ। ग्राम गुराड़िया सांवेर निवासी सपना पति सुरेश बारेले (30) बुधवार देर शाम अपने मायके राजपुरा से लौट रही थी। वह अपने पति सुरेश और दो मासूम बच्चों के साथ बाइक पर सवार थी। बताया जा रहा है कि डीपीएस स्कूल के पास बदहाल और खराब सड़क के कारण पति सुरेश ने जैसे ही बाइक को धीमा करने के लिए अचानक ब्रेक लगाया, पीछे बैठी सपना अनियंत्रित होकर सिर के बल सड़क पर जा गिरी। सिर में गंभीर चोट आने पर पति बिलखते हुए उसे ऑटो से अस्पताल लेकर पहुँचा, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला का पति मजदूरी का काम करता है।

### डिवाइडर में घुसी बाइक

वहीं भंवरकुआं थाना क्षेत्र में 9 जून को हुए हादसे के शिकार हुए भूरे पिता रामलाल (24) निवासी सुंदेल, देवास ने बुधवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। भूरे आदिवासी रैली में शामिल होने आया था। वह भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पवार जिम के पास अपनी बाइक पर नियंत्रण खो बैठा था और सीधे डिवाइडर से जा टकराया था।उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### होल्कर ब्रिज पर हादसे में युवक की मौत

**इधर होल्कर ब्रिज के पास बुधवार रात हुए एक अन्य हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रशांत पिता सतीश (35) निवासी तलावली चांदा की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से उसे एमवाय अस्पताल भर्ती कराया गया था। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर हादसों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।**

# गाड़ियों की टक्कर के बाद युवक से मारपीट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**विजय नगर थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहनों की मामूली टक्कर के बाद विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। बीती रात काम से घर लौट रहे एक मोटरसाइकिल सवार युवक की स्कूटी से टक्कर हो गई, जिसके बाद स्कूटी सवारों ने गाली-गलौच करते हुए युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, काजी की चाल मालवा मिल निवासी फरियादी रितिक पिता राकेश ठाकुर ने विजय नगर थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। रितिक ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपना काम खत्म करके मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान विजय नगर स्थित रघुनाथ पेट्रोल पंप के सामने सामने से आ रही एक स्कूटी से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। टक्कर होते ही स्कूटी चला रहा युवक और उसका साथी मोटरसाइकिल सवार रितिक से विवाद करने लगे और गाली-गलौच करने लगे। जब रितिक ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी अमन वर्मा और उसके साथी ने आपा खो दिया और रितिक के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

# शराब के नशे में पति ने पत्नी को पीटा

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवानी नगर में शराब के नशे में धुत पति ने मामूली बात पर अपनी पत्नी के साथ गाली-गलौच करते हुए हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट कर दी। जब महिला के बेटे ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो आरोपी पति ने पत्नी और बेटे दोनों को जान से मारने की धमकी दे डाली।

### बेटे ने बीच-बचाव किया तो दोनों को दी जान से मारने की धमकी

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, भवानी नगर निवासी फरियादी अयोध्या कोंडरे पति लखन कोंडरे ने बाणगंगा थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनका पति लखन कोंडरे अत्यधिक शराब पीने का आदी है। बीती रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा और अकारण ही पीड़िता के साथ गाली-गलौच करने लगा। जब महिला ने पति को गालियां देने से मना किया और शांत रहने को कहा, तो आरोपी आपा खो बैठा और उसने पत्नी के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। घर में हो रहे विवाद और मारपीट की आवाज सुनकर पीड़िता का बेटा अरुण तुरंत मौके पर पहुंचा और उसने बीच-बचाव कर मां को बचाने का प्रयास किया। इस पर आरोपी लखन और अधिक भड़क गया तथा उसने अपनी पत्नी और बेटे दोनों को जान से मारने की धमकी दे दी। विवाद के बाद पीड़िता परिजनों के साथ थाने पहुंची और आपबीती सुनाई।





# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की अंतिम रिहर्सल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाइन में इंदौर जिला का मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को निर्धारित समय पर आयोजित किया जाएगा। मंत्री तुलसीराम सिलावट और अधिकारी परेड की सलामी लेंगे। इस आयोजन को लेकर लगातार परेड से लेकर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है। आज सुबह 8 बजे से परेड ग्राउंड में अंतिम रिहर्सल की गई। इस रिहर्सल को देखने अधिकारी भी पहुंचे। तैयारियों को लेकर सारे अंतिम पूर्वाभ्यास किए गए।

# भंवरकुआं और छत्रीपुरा में चोरी की दो वारदातें

**इंदौर।** शहर के भंवरकुआं और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आई हैं। भंवरकुआं इलाके में एक छात्र जब वॉशरूम गया, तो चोर उसका लैपटॉप और मोबाइल लेकर रफूचक्कर हो गया। वहीं छत्रीपुरा क्षेत्र में स्वास्तिक नगर स्थित एक मकान का दरवाजा खुला पाकर घुसे बदमाशों ने अलमारी का ताला तोड़कर सोने के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

लेपटॉप और मोबाइल चोरी की घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुरी कॉलोनी भोलाराम उस्ताद मार्ग की है। मूल रूप से खरगोन निवासी छात्र युवराज सिंह पिता भारतसिंह सोलंकी ने पुलिस को बताया कि वह अपने कमरे के वॉशरूम में गया था। कुछ देर बाद जब वह बाहर आया, तो कमरे में रखा उसका लैपटॉप और मोबाइल गायब मिला। आसपास और संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पीड़ित छात्र ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

दूसरी घटना छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के स्वास्तिक नगर की है। फरियादी अरमान पिता रजनीश कपूर ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनके घर के ऊपरी हिस्से में स्थित टावर का दरवाजा खुला हुआ था। जब उन्होंने और उनकी पत्नी हर्षिता ने अंदर जाकर देखा, तो घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और गोदरेज की अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। अलमारी की जांच करने पर उसमें रखे सोने के तीन जोड़ी कान की बाली, एक सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, सोने की चूड़ियां और नकदी रुपये गायब थे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।